जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 266 प्रभात जालोर, मंगलवार 31 दिसम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 26 जनवरी को कांग्रेस पुनः पद यात्राओं का देशव्यापी दौरा शुरु करेगी

## पंजाब व दिल्ली के चुनाव को मद्देनज़र रखते हुए, कांग्रेस देश के प्रथम सिख प्र.मंत्री के अपमान व अमित शाह द्वारा डॉ. अंबेडकर के तिरस्कार को इस आंदोलन का नारा बनायेगी

- कांग्रेस का मानना है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी में उत्साह व जोश का संचार हुआ था तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा से दो-दो हाथ करने की स्थिति में आ गई। अतः अब पुनः पद यात्राओं का सिलसिला शुरु करके, पार्टी पुरानी सफलता दोहरा लेगी।
- 2025, कांग्रेस के लिये आंदोलन व प्रदर्शनों का समय होगा।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। कांग्रेस संविधान के दुरुपयोग का विरोध करने के लिये, 26 जनवरी से पूरे देश में एक साल तक गहन आंदोलनात्मक कार्यक्रम शुरु करेगी। यह कार्यक्रम एक पद यात्रा के रुप में होगा। पद यात्रा का फोकस, गाँवों और शहरों के साथ ही, विशेष रुप से ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर होगा। ऐसी आशा की जा रही है कि पार्टी पूरे 2025 में आन्दोलन -मोड में रहेगी।

आन्दोलन का फोकस अमित शाह द्वारा डॉ. अम्बेडकर को निशाना बनाये जाने पर तो होगा ही, पार्टी इस बिन्दु पर भी फोकस करेगी कि भाजपा ने किस तरह देश के पहले सिख प्रधानमंत्री तथा नेहरु के बाद, सबसे अधिक लोकप्रिय व्यक्ति का अपमान किया है।

दिल्ली और पंजाब के चुनावों को मद्देनजर रखते हुये, कांग्रेस इसे एक बड़े मुद्दे का रुप देने की पूरी तैयारी में है। जब पार्टी भारत की जनता से जुड़ने की मुहिम पर उतरेगी, तो महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी उसकी चर्चा का हिस्सा रहेंगे।

कांग्रेस, अम्बडेकर और संविधान से सम्बंधित आन्दोलन को -भाजपा को चारों खाने चित करने के अवसर के तथा जमीनी स्थितियों से जुड़ने तथा आम लोगों तक पहुँचने के अवसर के रुप में देख रही है।

राहुल गांधी के "भारत जोड़ो यात्रा" ने कांग्रेस के पक्ष में आश्चर्यजनक काम किया था। उस यात्रा से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ था तथा राहुल जबरदस्त आत्मविश्वास से भरे हुये नेता के रुप में उभर कर आये थे। पार्टी को इसका लाभ भी मिला था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह घोषणा भी की है कि पार्टी संगठन में बूथ-स्तर से लेकर ऊपर तक, आमूलचूल परिवर्तन होगा। यह सारा काम भी 2025 में ही होना है।

देखना यह है कि यह सब होगा भी या नहीं, क्योंकि ऐसा बहुत सारी घोषणाएं होती रही हैं, लेकिन परिणाम कुछ खास नहीं निकला है।

## 'मेरी सिम का उपयोग दूसरे आरोपियों ने किया'

जयपुर, 30 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने ईओ और आरओ भर्ती की परीक्षा में नकल कराने से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी लिलिपाल, कमलकांत और रामलाल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि तीनों आरोपी परीक्षा में परीक्षार्थी के रूप में शामिल नहीं हुए थे। वहीं, उनकी सिम का उपयोग सह आरोपियों की ओर से करना बताया गया है। इसके अलावा, उन पर यह भी आरोप नहीं है कि उन्होंने सिम का स्वयं न उपयोग करके ब्लूटूथ के माध्यम से परीक्षा में अन्य अभ्यर्थियों को नकल कराई है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश तीनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए।

- याचिकाकर्ताओं की दलील को स्वीकार कर हाई कोर्ट ने जमानत दी।

याचिका में अधिवक्ता शफीकुर रहमान ने अदालत को बताया कि उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है और वे परीक्षा में भी नहीं बैठे थे। याचिकाकर्ताओं की सिम का उपयोग दूसरे आरोपियों ने किया था और याचिकाकर्ताओं को यह जानकारी भी नहीं थी कि उनकी सिम का नकल में उपयोग होगा। इसके अलावा, याचिकाकर्ता दो माह से अधिक अवधि से जेल में बंद हैं। वहीं, प्रकरण की मुख्य आरोपी भावना को पूर्व में जमानत का लाभ दिया जा चुका है। ऐसे में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'डा. मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन पर कांग्रेस पार्टी के नेता क्यों नदारद थे'

## भाजपा ने इस अनुपस्थिति को डॉ. सिंह का निरादर बताया

- कांग्रेस ने जवाब में कहा, स्वर्गीय सिंह के परिवार की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस के नेताओं ने "फूल चुनने" व अस्थि विसर्जन को परिवार वालों के लिये, बड़ा भावना प्रधान, हृदय विदारक मौका बताया तथा इस मौके पर परिवार को पूर्ण प्राइवेसी की आवश्यकता पर जोर दिया।
- कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि दाह संस्कार के समय पर भी परिवार को कोई प्राइवेसी नहीं मिली थी तथा "एक्सटैंडेड" परिवार के कई सदस्य तो उनकी चिता तक पहुँच नहीं पाये थे।
- डॉ. सिंह की अस्थियों का विसर्जन यमुना में, मजनू का टीला के गुरुद्वारे के पास किया गया तथा डॉ. सिंह की पत्नी गुरुशरण कौर व तीनों पुत्रियाँ- उपेन्द्र सिंह, दमन सिंह व अमृत सिंह इस अवसर पर मौजूद थीं।
- अखण्ड पाठ एक जनवरी को डॉ. सिंह के निवास- 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग पर आयोजित किया गया है।
- तथा भोग अंतिम अरदास कीर्तन, 3 जनवरी को रकाबगंज गुरुद्वारा में होगा।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं की आलोचना करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को यमुना में प्रवाहित किये जाने के दौरान, वे लोग सिंह के परिवार के साथ नहीं थे। लेकिन कांग्रेस का कहना है कि उसने ऐसा परिवार की प्राइवेसी सुनिश्चित रखने के लिये किया था।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि "सिंह के परिवार की प्राइवेसी के सम्मान की खातिर" पार्टी के वरिष्ठ नेता अस्थियाँ एकत्रित एवं प्रवाहित करने सिंह के परिवार के साथ नहीं थे।

उन्होंने कहा कि अपने प्रिय दिवंगत नेता के दाह संस्कार के बाद, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सिंह के घर जाकर उनके परिवार से मिली थी।

डॉ. खेड़ा ने एक बयान में कहा, "परिवार के साथ बातचीत करने के बाद, ऐसा महसूस किया गया कि दाह संस्कार के समय परिवार को प्राइवेसी नहीं मिली तथा दूर के कुछ पारिवारिक सदस्य चिता तक भी नहीं पहुँच पाये, इसलिये यह उचित प्रतीत हुआ कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन

## 100 वर्षीय कार्टर अमेरिका के सबसे दीघार्यू पूर्व राष्ट्रपति थे

- कार्टर को इज़राइल और इजिप्ट के हिसंक संघर्ष को समाप्त करने के लिए 2002 में नोबल पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था।
- 1976 में राष्ट्रपति का चुनाव जीतने वाले कार्टर 1981 तक इस पद पर रहे। उन्हें उदार, मानववादी और शांति समर्थक नेता के रूप में जाना जाता है।
- राष्ट्रपति पद से हटने के बाद वे सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे, उन्होंने अपनी पत्नी के साथ नॉन प्रॉफिट संगठन कार्टर सैंटर बनाया, जिसके तहत दुनिया भर में समाज सेवा के कई कार्य किये जाते हैं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर, जिन्होंने विश्व के कई बड़े हिंसक संकटों में शांति का प्रयास किया, का निधन हो गया है। वे 100 वर्ष के थे।

वे, अमेरिका के इतिहास में सबसे लम्बी उम्र पाने वाले राष्ट्रपति थे। जॉर्जिया निवासी कार्टर डैमोक्रेटिक पार्टी से थे और अपने सद्भाव एवं उदारता के लिये प्रसिद्ध थे। वे मूँगफली-उत्पादक कृषक थे। राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल 1981 में समाप्त हुआ था। राष्ट्रपति पद से हटने के बाद भी वे जीवन भर राजनायिक कार्यों से जुड़े रहे।

उनके परिवार, तथा कार्टर-दम्पति द्वारा स्थापित अलाभकारी "द कार्टर सैन्टर" के दो निकटस्थ व्यक्तियों के अनुसार, पूर्व राष्टपति जिमी कार्टर का निधन रविवार को उनके घर पर ही हुआ। लम्बे मैडिकल संकटों के बाद, दो वर्ष पहले से उन्होंने दवाएं लेना बंद कर दिया था। राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल आर्थिक उथल-पुथल के लिये जाना जाता है।

1 अक्टूबर 1924 को जन्मे कार्टर 1977 में आर फोर्ड को हराकर राष्ट्रपति बने थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के मिडिल ईस्ट से रिश्तों की नींव रखी। बतौर राष्ट्रपति उनके कार्यकाल को इजराइल और मिस्र के बीच 1978 के कैम्प डेविड समझौते के लिए याद किया जाता है, इस समझौते के कारण जिससे मध्य पूर्व में कुछ स्थिरता आई। इसके लिए साल 2022 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था।

रविवार को उनके निधन के बाद, राष्ट्रपति के रूप में उनके उत्तराधिकारियों की श्रृद्धांजलियों का ताँता लग गया। राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा, "अमेरिका और विश्व ने एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रामसुब्रमण्यन ने मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष पद संभाला

नयी दिल्ली, 30 दिसम्बर। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और न्यायमूर्ति (डॉ.) विद्युत रंजन सारंगी ने सदस्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया। आयोग के प्रवक्ता के अनुसार, न्यायमूर्ति वी.

- उनके साथ ही डॉ. विद्युत रंजन सारंगी ने सदस्य का पद ग्रहण किया।

रामसुब्रमण्यन ने इस अवसर पर मानवाधिकारों को महत्व देने और उनका पालन करने की देश की प्राचीन परंपरा पर प्रकाश डाला। तमिल कवि तिरुवल्लुवर का हवाला देते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवाधिकार भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने में गहराई से समाए हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयास की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी, महासचिव भरत लाल और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट "इस्लामिक स्टेट" पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ सुनवाई करेगा

## सुप्रीम कोर्ट में इस संदर्भ में साकिब अब्दुल हामिद नाचन ने याचिका डाली है

- नाचन को दिसम्बर 2023 एन.आई.ए. ने गिरफ्तार किया, क्योंकि वह इस्लामिक स्टेट संस्था का मुखिया था, जैसा कि विदित ही है, स्टूडैन्ट्स इस्लामिक मूवमैंट ऑफ इण्डिया पर प्रतिबंध लगा तो वह संस्था, इस्लामिक स्टेट के नाम पर अवतरित हुई थी।
- नाचन ने सुप्रीम कोर्ट की सूर्यकांत व उज्जल भूयान की बैंच को अपने अंग्रेजी में दिये गये दलीलों की डिलिवरी से प्रभावित किया तथा बैंच ने याचिका को सुनने का निर्णय लिया तथा दिल्ली हाई कोर्ट की अवकाश प्राप्त जज मुक्ता गुप्ता को "एमिकस क्यूरी" (न्यायमित्र) नियुक्त किया।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट 22 दिसम्बर को एक याचिका की सुनवाई करेगा, जिसमें इस्लामिक स्टेट और इससे जुड़े सभी संगठनों को अनलॉफुल एक्टीविटीज़ प्रिवैन्शन एक्ट के तहत प्रतिबंधित करने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व जज और वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता को केस में सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया।

यह याचिका साकिब अब्दुल हामिद नाचन (64 वर्ष) ने दायर की है, जिसे नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी ने दिसम्बर 2023 में गिरफ्तार किया था, क्योंकि उस पर इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल चलाने का आरोप था।

नाचन, जो कि प्रतिबंधित स्टूडैंट्स इस्लामिक मूवमैंट ऑफ इंडिया का पूर्व महासचिव था, मुम्बई में 2002-2003 में हुए तीन बम धमाकों में भी आरोपी था। इन धमाकों में दर्जनों लोग मारे गये थे। सजा भुगतने के बाद, वह नवम्बर 2017 में जेल से बाहर आया था।

ए.आई.ए. द्वारा गिरफ्तारी के बाद, नायन ने दिसम्बर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाकर इस्लामिक स्टेट अर्थात् इस्लामिक स्टेट ऑफ ईराक एण्ड सीरिया (आई.एस.आई.एस.) पर बैन लगाने को चुनौती दी और आरोप लगाया कि सरकार कुछ विचारधाराओं और पवित्र कुरान एवं खलीफा के कुछ सिद्धान्तों को निशाना बना रही है।

नाचन, जो एन.आई.ए. केस के सिलसिले में तिहाड़ जेल में है, ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए जस्इिस सूर्यकांत और उज्जवल भूयान की बैंच के समक्ष अपना पक्ष रखा था।

4 दिसमबर को हुई सुनवाई में बैंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान है और न्यायालय में पेश होने का शिष्टाचार भी जानता है।

बैंच ने मुक्ता गुप्ता को न्यायमित्र नियुक्त करते हुए कहा कि इस मामले में जटिल कानूनी मसले हैं और हमारे समझाने पर नायन न्यायमित्र की नियुक्ति के लिए मान गया है।"

बैंच ने कोर्ट रजिस्ट्री से कहा है कि न्यायमित्र की आरोपी से ऑनलाइन मीटिंग कराई जाए और अगली सुनवाई में उसे वर्चुअली उपस्थित होने की अनुमति दी जाए।

नाचन की याचिका में, केन्द्र सरकार द्वारा 16 फरवरी 2015 और 19 जून 2018 को जारी दो नोटिफिकेशन्स की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिनमें इस्लामिक स्टेट, इस्लामिक स्टेट ऑफ ईरान एण्ड लेवांट, आई.एस.आई.एस., डाइश, इस्लामिक स्टेट इन खोरासान प्रांत, आई.एस.आई.एस. विलायत,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाकुंभ में सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। महाकुंभ 2025 में प्रत्येक आगंतुक की गणना होगी और इसके लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी - फेस आईडेंटीफिकेश, रिस्ट बैंड और मोबाइल ऐप का प्रयोग किया जाएगा। उत्तरप्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री नीतिन अग्रवाल ने सोमवार को प्रयागराज में अगले महीने से शुरु होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर कहा कि मेला परिसर में सुरक्षा के लिए तगड़े प्रबंध किये गये हैं। महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था को सात स्तरीय बनाया गया गया है। इसके लिए पहला स्तर

- कुंभ के दौरान 45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। सब की गणना व लोकेशन ट्रेसिंग की जायेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडु में दुष्कर्म केस ने विपक्ष को एकजुट किया, द्रमुक के खिलाफ

## विशेषज्ञों के अनुसार, अगर यह तालमेल विधानसभा चुनाव तक रहा तो द्रमुक का सूपड़ा साफ हो जाएगा

- सबसे ज्यादा चर्चा अन्नाद्रमुक की सक्रियता की हो रही है, जिससे हाल ही में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका भी भाजपा ने हथिया ली थी। अन्नाद्रमुक ने चेन्नई में विरोध प्रदर्शन किए और पोस्टर लगवाए हैं।
- हाल ही में राजनीति में उतरे अभिनेता विजय ने भी राज्यपाल से मुलाकात का द्रमुक सरकार के खिलाफ एक्शन लेने की अपील की है।
- यह भी चर्चा है कि भाजपा अभिनेता विजय से तालमेल कर सकती है।
- स्थानीय मीडिया का कहना है कि अन्नाद्रमुक युनिवर्सिटी की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी की शिक्षा मंत्री से नज़दीकी है और कई द्रमुक नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी देखी गई हैं।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर। गत सप्ताह अन्ना युनिवर्सिटी की छात्रा का दुष्कर्म केस तमिलनाडु की द्रमुक (डी.एम.के.) सरकार के लिए बड़ा राजनैतिक संकट बन गया है। दुष्कर्म पीड़िता को न्याम दिलाने के लिए सारा विपक्ष एकजुट हो गया है।

इस केस में पुलिस का बर्ताव इतना ज्यादा पक्षपाती था कि हाईकोर्ट को स्वप्रेरित संज्ञान लेना पड़ा। उसने एक स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) बनाई है तथा सरकार को उसका सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

पहली बार अन्नाद्रमुक में सक्रियता देखने को मिली है और सड़कों पर उतर कर सत्तारुढ़ पार्टी द्रमुक के खिलाफ आंदोलन कर रही है। ज्ञातव्य है कि अन्नाद्रमुक अब तक निष्क्रिय थी और भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में आती दिख रही थी। भाजपा और अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनावों से पूर्व गठबंधन तोड़ दिया था और इसी बंटे हुए विपक्ष ने द्रमुक-कांग्रेस गठजोड़ को लोकसभा चुनाव में सभी 39 सीटें जीतने में मदद दी थी और अब विधानसभा चुनाव में भी यही स्थिति रहने की उम्मीद है। वे अलग-अलग चुनाव लड़ सकते हैं, हालांकि भाजपा ने गठबंधन के संकेत दिए हैं।

फिल्म अभिनेता विजय जो तमिलनाडु की राजनीतिके नए खिलाड़ी हैं, ने सोमवार को राज्यपाल पी.एन. रवि से मुलाकात की और द्रमुक सरकार के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की और केन्द्र सरकार से फंड दिलवाने का आग्रह भी किया। राज्यपाल पी.एन. रवि, जिन्हें केन्द्र का एजेंट माना जाता है, का राजनीति में आए नए खिलाड़ी से मिलना, उनकी बात सुनना, इस बात का संकेत है कि भाजपा फिल्म स्टार विजय से हाथ मिलाने पर विचार कर रही है।

यौन उत्पीड़न केस में अन्ना युनिवर्सिटी की छात्रा की एफ.आई.आर से स्पष्ट है कि दुष्कर्म आरोपी राजनैतिक महारथियों का करीबी है।

पीड़िता के अनुसार, जब वह दुष्कर्म कर रहा था तब किसी से फोन पर बात कर रहा था और उसे सर कहकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'देश शोक मना रहा है, राहुल नववर्ष मनाने विदेश में'

नई दिल्ली, 30 दिसंबर। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार को लेकर विवाद अभी भी जारी है। भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र के खिलाफ कांग्रेस के उन आरोपों को बेबुनियाद करार दिया कि अंत्येष्टि के दौरान असम्मान और कुप्रबंधन देखने को मिला। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता नदारद रहने के मुद्दे पर आज बीजेपी ने हमला बोला है। इसको लेकर बीजेपी के कई नेताओं ने कांग्रेस पर तंज कसा। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राष्ट्रीय शोक के बीच राहुल गांधी विदेश निकल चुके हैं।

- भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों के जवाब में आरोप लगाया।

बीजेपीआईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि देश जब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK CMYK

## विचार बिन्दु

**हमारे कष्ट पापों का प्रायश्चित है। –हज़रत मोहम्मद**

# डॉ. मनमोहन सिंह की विरासत

डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसंबर 2024 को 92 वर्ष की आयु में हुआ। डॉक्टर सिंह की पहचान भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं थी, अपितु वे 1991 के वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के जनक भी रहे। उन्होंने जून 1991 में जब वित्त मंत्री के पद का कार्यभार संभाला तो भारत की आर्थिक स्थिति अत्यंत डांवाडोल थी और विदेशी मुद्रा का भंडार केवल दो सप्ताह के भुगतान तक का शेष बचा था। ऐसे संकट के समय में डॉक्टर मनमोहन सिंह ने अपनी वित्तीय कुशलता, आर्थिक मामलों की विशेषज्ञता का परिचय देते हुए भारत को न केवल एक बहुत ही कठिन संकट से उबारा अपितु भारत की अर्थव्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने का कार्य किया। उन्हीं के कार्यकाल में कोटा, परमिट, लाइसेंस राज से देश की लगभग विदाई हुई और निजी क्षेत्र को अपनी प्रतिभा के अनुसार विकास करने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कर विज्ञान, तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्यंत तेजी से प्रगति की। शीघ्र ही, भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में गिना जाने लगा। डॉक्टर सिंह की पहचान केवल एक आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में ही नहीं थी एवं न इस रूप में थी कि वे रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के गवर्नर रहे थे एवं वित्तीय मामलों के भारत सरकार में सचिव रहे थे। उनके सबसे बड़े गुण उनकी सादगी, अहमरहित व्यवहार, विनम्रता थे जो आजकल किसी राजनेता में विरले ही दिखाई देते हैं।

हमने गत तीन महीने में दो प्रमुख भारतीय हस्तियों को खोया है जिनमें एक रतन टाटा थे और दूसरे अब डॉक्टर मनमोहन सिंह हैं।

डॉ. मनमोहन सिंह इसका अच्छा उदाहरण हैं कि कैसे स्वतंत्रता के समय 1947 में शरणार्थी के रूप में पाकिस्तान वाले पंजाब से भारत आने वाला बालक अपनी लगन, निष्ठा और प्रतिभा के बल पर, देश के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा और कैसे अपनी प्रतिभा का लोहा न केवल अपने देशवासियों को बल्कि पूरे विश्व को मनवाया।

वित्त मंत्री के रूप में उनके भारतीय संसद एवं वैश्विक मंचों पर दिए गए भाषण अत्यंत विद्वतापूर्ण किंतु बड़े सरल होते थे। हालांकि उनकी हिंदी बहुत अच्छी नहीं थी, किंतु फिर भी उर्दू मिश्रित हिंदी में वह अपनी बात बड़ी सहजता और सरलता से कर लेते थे। उनमें अर्थव्यवस्था की जटिल बातों को बड़ी सरलता से देशवासियों को समझाने की अद्भुत सामर्थ्य थी। आज के जमाने में, यह सरलता और सहजता बहुत कम लोगों में ही देखने को मिलती है। डॉक्टर मनमोहन सिंह उसके जीते जाते उदाहरण थे।

उन्होंने अपनी भाषा की गरिमा को सदैव बनाए रखा।

उनके प्रधानमंत्री रहते हुए अनेक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव के निर्णय लिए गए। उनके समय में देश के आम जन के हित के अनेक कानून बनाए गए जैसे रोजगार के अधिकार का कानून (नरेगा), सूचना के अधिकार का कानून, शिक्षा के अधिकार का कानून, खाद्य सुरक्षा का कानून आदि। उनके प्रधानमंत्रित्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक सिविल न्यूक्लियर समझौता किया, जिसके कारण उनकी सरकार तक गिरने की नौबत आ गई थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी तर्क शक्ति से, राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, इसकी परवाह नहीं की एवं इस न्यूक्लियर डील को संसद से अनुमोदित कराया। वे कम्युनिस्ट पार्टी की धमकियों के आगे नहीं झुके। देश के लिए न्यूक्लियर डील बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

अहम उनको छू भी नहीं गया था। उन्होंने कभी भी अपने पद का लाभ नहीं उठाया। उनके दूसरे कार्यकाल में 2009 से 2014 के बीच कोयला विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे किंतु वह व्यक्तिगत रूप से सदैव बेदाग ही रहे। जिस प्रकार राहुल गांधी ने कैबिनेट द्वारा पारित अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से प्रेस वार्ता में फाड़ दिया और उसके बाद सरकार को अध्यादेश वापस लेना पड़ा। वह उनके लिए बड़ी अपमानजक स्थिति थी। यदि और कोई साधारण नेता होता तो उसके बाद उसने तत्काल इस्तीफा दे दिया होता। डॉ मनमोहन सिंह ने इसके बावजूद यदि अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया तो इसका कारण, उनकी पद लोलुपता नहीं थी, अपितु अपनी पार्टी और राष्ट्र का हित था। उन्होंने व्यक्तिगत अपमान का घूंट पीने के बावजूद हल्की भाषा का उपयोग नहीं किया। आज के उन राजनेताओं को इससे कुछ सीख लेनी चाहिए, जो प्रतिदिन संवाद का स्तर गिराने का काम कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विरासत ही यह है कि उन्होंने राजनीति में भाषा की गरिमा को बनाए रखा और विरोधियों के प्रति भी कभी कटु शब्दों का प्रयोग नहीं किया।

**भाजपा के नेताओं ने विशेष कर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉक्टर मनमोहन सिंह को 'मौन' मोहन का नाम देते हुए उनकी कार्य शैली का कई बार मजाक बनाया किंतु उन्होंने अपनी भाषा को कभी हल्का नहीं किया एवं अपने ही अंदाज में शालीन भाषा में उसका उत्तर दिया। जब प्रधानमंत्री ने नोटबंदी का बचाव करते हुए कहा कि इसके कारण कुछ समय तक लोगों को परेशानी हो सकती है किंतु दीर्घकालीन दृष्टि से इसका बहुत लाभ है, तब डॉक्टर मनमोहन सिंह ने बड़ी सरलता से यह कहा कि ''दीर्घ काल में तो सबकी मृत्यु ही होती है''।**

उन्होंने कभी अपनी उपलब्धियां का गुणगान नहीं किया। शायद इसी उदारता और विनम्रता की कीमत उन्हें व्यक्तिगत रूप से चुकानी पड़ी। गांधी परिवार ने हालांकि उनको प्रधानमंत्री बनाया अवश्य, किंतु उनके साथ व्यवहार कई बार अपेक्षित गरिमा वाला नहीं किया। उनकी स्थिति को दर्शाते हुए एक पुस्तक संजय बारु ने ''दी एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर'' के नाम से लिखी। बाद में इसी नाम से एक फिल्म भी बनी, जिसमें अनुपम खेर ने डॉक्टर मनमोहन सिंह की भूमिका निभाई।

हालांकि भाजपा के नेताओं ने विशेष कर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉक्टर मनमोहन सिंह को 'मौन' मोहन का नाम देते हुए उनकी कार्य शैली का कई बार मजाक बनाया किंतु उन्होंने अपनी भाषा को कभी हल्का नहीं किया एवं अपने ही अंदाज में शालीन भाषा में उसका उत्तर दिया। जब प्रधानमंत्री ने नोटबंदी का बचाव करते हुए कहा कि इसके कारण कुछ समय तक लोगों को परेशानी हो सकती है किंतु दीर्घकालीन दृष्टि से इसका बहुत लाभ है, तब डॉक्टर मनमोहन सिंह ने बड़ी सरलता से यह कहा कि ''दीर्घ काल में तो सबकी मृत्यु ही होती है''। इसका अर्थ समझने वाले समझ गए और उन्होंने बहुत बड़ी बात बड़ी सरलता से समझा दी। कालांतर में, उनकी कही गई बात अक्षरशः सही साबित हुई।

अर्थशास्त्र पर उनकी पकड़ के सभी कायल थे।

उनके निधन के बाद विभिन्न दलों के नेता उनके गुणों का बखान करते हुए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। काश, उनकी विद्वता और गुणों की पहचान करके उनका सम्मान उनके जीवित रहते हुए भाजपा के नेताओं द्वारा किया जाता। यह उन्होंने कई बार कहा कि उनकी चुप्पी ही उनकी ताकत है। शायद वह सही भी थे, क्योंकि आजकल जिस प्रकार की भाषा में आरोप प्रत्यारोप किये जा रहे हैं और लोकतंत्र की मर्यादा तार-तार हो रही है, उसको देखते हुए संभवतया उनकी खामोशी विशिष्ट थी और बहुत शक्तिशाली भी साबित हुई। वह बहुत कड़े निर्णय लेने की क्षमता रखते थे।

2014 से 2024 के बीच भाजपा के अनेक नेता एवं प्रधानमंत्री मोदी ने भी डॉक्टर मनमोहन सिंह की कड़ी आलोचना की एवं डॉक्टर सिंह को एक अत्यंत कमजोर प्रधानमंत्री बताया। यह डॉक्टर मनमोहन सिंह के बड़प्पन और शालीनता को ही दर्शाता है कि उनकी इतनी कड़ी आलोचना के बाद भी उन्होंने कभी भाषा की मर्यादा को नहीं छोड़ा।

डॉक्टर मनमोहन सिंह ने लोकसभा का एक ही चुनाव लड़ा जिसमें वह असफल रहे। वे छह बार राज्यसभा के सदस्य रहे। उनकी कोई 'मासअपील' नहीं थी किंतु उनकी सादगी उनकी पहचान थी।

अब, जब वे दुनिया में नहीं हैं तो उनकी विरासत पर बात होनी चाहिए। उन्हें दिखावे से कतई मोह नहीं था, न उनके लिए कुर्सी पर बने रहना बहुत महत्वपूर्ण था।


उनके दो कार्यकाल में से पहला कार्यकाल जो 2004 से 2009 तक का था, को श्रेष्ठ कहा जा सकता है, जबकि वह एक अल्पमत सरकार के मुखिया थे। 2009 से 2014 के दूसरे कार्यकाल में जबकि कांग्रेस को कुछ सीटें अधिक मिलीं, इस कार्यकाल में 'पॉलिसी पैरालिसिस' शब्द काफी प्रचलित रहा और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। उनके मंत्रियों पर कई आरोप लगे जिसने अन्ना आंदोलन को जन्म दिया। इसका खामियाजा कांग्रेस को 2014 के चुनाव में उठाना पड़ा। इस चुनाव में कांग्रेस को अब तक की न्यूनतम सीटें 52 प्राप्त हुईं। अच्छा होता, यदि इसके बाद डॉक्टर सिंह सक्रिय राजनीति से अलग हो जाते, किंतु शायद सोनिया गांधी का दबाव ही था कि वे इसके बाद भी 6-7 सालों तक राज्यसभा के सदस्य बने रहे।

कुल मिलाकर डॉक्टर मनमोहन सिंह की विरासत यही है कि कैसे अत्यंत ही साधारण परिस्थितियों से निकलकर कोई व्यक्ति केवल अपनी योग्यता और गुणों के बल पर सत्ता के शिखर तक पहुंच सकता है। एक ओर जहां अपनी ताकत दिखाने का प्रचलन है, वहीं वे अपने पद का प्रयोग किए बिना बहुत बड़े निर्णय ले पाए जो दूरगामी सिद्ध हुए। आर्थिक दृष्टि से तो उनका कोई सानी नहीं था। यू पी ए के दस सालों के कार्यकाल में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी जिसे बाद में एनडीए की सरकार ने संशोधित करके 6.8 प्रतिशत कर दिया। आर्थिक दृष्टि से सही था या नहीं, कहना कठिन है।

आज जब जहां गला काट प्रतियोगिता हर क्षेत्र में चल रही है, वहां युवाओं के लिए डॉक्टर मनमोहन सिंह एक वैकल्पिक रोल मॉडल के रूप में सामने आते हैं। उनकी छवि एक उदार, विनम्र, मानवतावादी और देशभक्त अर्थशास्त्री की रही है। अब यह हम सब पर है कि हम उनकी विरासत को कितना आगे बढ़ा पाते हैं और सार्वजनिक जीवन में सादगी और विनम्रता को प्रतिष्ठापित कर पाते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# प्रशासनिक परिपक्वता का परिचायक है जिलों की समाप्ति का निर्णय



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजस्थान सरकार की इस कारण से सराहना करनी पड़ेगी कि राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लेना मुश्किल व जोखिम भरा होने के बावजूद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व सरकार के समय के जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण कर 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। अब प्रदेश में 41 जिले और 7 संभाग रह गए हैं। दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीम का थाना, अनूपगढ़, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ठामीण और सांचौर जिला और बांसवाड़ा, सीकर और पाली संभाग को समाप्त करने का निर्णय ले लिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि यही निर्णय नई सरकार बनते ही लिया जाता तो उसके मायने कुछ अलग होते और उस पर राजनीतिक द्वेषता का ठप्पा लगता वह अलग होता। आज भले ही विपक्ष द्वारा इस निर्णय पर प्रश्न उठाये जा रहे हो पर सही मायने में देखा जाए तो यह पूरी तरह से प्रशासनिक निर्णय है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व सरकार के नए जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण करने के लिए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डा.ललित पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित कर परीक्षण करवाया और फिर राजनीतिक स्तर पर मंत्रीमण्डलीय समिति बनाकर सभी पक्षों का अध्ययन कर रिपोर्ट प्राप्त की और उसके भी बाद निर्णय पर मंत्रीमण्डल की बैठक में मोहर लगाई गई। इसलिए एक बात तो साफ हो जानी चाहिए कि यह निर्णय किसी भी मायने में राजनीतिक लाभ के लिए ना होकर पूरी तरह से प्रशासनिक दक्षता के लिए लिया गया निर्णय है। ना ही इसे जल्दबाजी में निर्णय कहा जा सकता है। हांलाकि पूर्व सरकार ने नए जिले बनाने के लिए भले ही प्रशासनिक कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्राप्त कर नए जिले बनाने का निर्णय किया पर यह सब अच्छी तरह से साफ हो जाना चाहिए कि चुनाव नजदीक होने के कारण पूर्व सरकार द्वारा नए जिले बनाने के निर्णय को आमलोगों ने पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय के रुप में ही देखा गया।


भजन लाल शर्मा ने पूर्व सरकार द्वारा गठित नए जिलों के गठन का प्रशासनिक दृष्टि से परीक्षण करवाया और इसमें कोई दो राय नहीं कि शुरुआत में इन जिलों और संभागों को समाप्त करने के निर्णय का विरोध हो पर यह विरोध इसलिए अधिक असर नहीं दिखा पाएगा कि आमनागरिक यह अच्छी तरह से समझता है कि अधिक और छोटे जिले बनने से सरकारी खर्चें अधिक बढ़ने के अलावा कोई खास प्राप्त होने वाला नहीं है। नए जिलों को लेकर यदि सामान्य नागरिक के रुप में हम स्वयं परीक्षण करे तो साफ हो जाता है कि शुरुआती दौर में ही एक जिले के लिए कम से कम एक हजार करोड़ की व्यवस्था करनी होगी। जिला कलक्टर और जिला पुलिस एसपी के दफ्तर तो तत्काल शुरु करने के साथ ही अन्य विभागों के भी दफ्तर जिला स्तर पर खोलने से ही वास्तविक लाभ प्राप्त हो सकता है। अब इसे यों देखा जाए कि इस सबके लिए कितना बड़ा प्रशासनिक अमला तैयार करना होगा, कितनी अधिक आधारभूत सुविधाएं विकसित करनी होगी। सरकारी ऑफिस, सरकारी बंगले और ना जाने कितने ही कार्यों के लिए स्थान और आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति करनी होगी। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं और अन्य सेवाएं अलग होगी। हमारे सामने पुराने उदाहरण है जब राजसमंद, प्रतापगढ, दौसा जिले बनाए गए और करौली व प्रतापगढ़ जिले का गठन किया गया। अब सबके सामने है कि इन जिलों को सही मायने में जिलो का आकार लेने में कितना समय लगा। आज भी कई स्थानों पर फिजिबल नहीं होने के कारण जिला सहकारी बैंक नहीं खुल पाएं है तो कई अन्य सरकारी दफ्तर शुरु नहीं हो पाये हैं।

दरअसर जनहितकारी सरकार की पहचान लोकहित में दूरगामी परिणामों को देखते हुए निर्णय लेना होता है। हांलाकि लोकतंत्र में बहुत से निर्णय राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण न चाहते हुए भी लेने होते हैं तो कई बार ऐसा भी लगता है कि ऐन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहने के लिए इस तरह के निर्णय ले लिए जाते हैं। प्रशासनिक दक्षता और लोकहितकारी सरकार की पहचान जनहित में कड़बे निर्णय लेने में भी संकोच नहीं करना होता है। सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता का भी इसी से पता चलता है। खासतौर से राजनीतिक लाभ हानि से लिए गए निर्णय से अधिक भला नहीं हो पाता है। सरकार की प्रशासनिक और लोकहितकारी होने का इसी से पता चलता है कि वह जनहित में जोखिमभरे निर्णय लेने में भी कोई संकोच ना करें। लोकतंत्र में जनता और जनता का हित बड़ी बात होनी चाहिए क्योंकि सरकार द्वारा निर्णयों का असर दूर तक जाता है। कड़बे निर्णय यदि लोकहित में होते हैं तो जनता समझने में देरी नहीं लगाती। इसलिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सरकार बनने के पहले साल में ही बड़े निर्णय कर सबको चौंका दिया है। राजनीतिक लाभ हानि से परे हटकर मुख्यमंत्री ने 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय व्यापक जनहित में ही देखा जाना चाहिए।

एक और यह कहा जाता है कि सरकार राजस्व का अधिकांश खर्चा अपने प्रशासनिक दायित्वों वेतन-सुविधाओं में ही खर्च कर देती है वहीं नए जिले और संभाग बनने से प्रशासनिक खर्च बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी बात यह है कि नए जिले या संभाग बनाने के स्थान पर सरकारों को प्रशासनिक सेवाओं में सुधार और डिलीवरी सिस्टम को मजबूत बनाने पर जोर देना चाहिए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजनीतिक जोखिम लेते हुए प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय निर्णय किया है। इससे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उनकी सरकार ने प्रशासनिक दृष्टि से परिपक्वता का परिचय दिया है। हो सकता है कि निर्णय को लेकर विरोध देखने को मिले पर विरोध के खिलाफ भी सरकार को सख्ती दिखानी होगी इससे आमजन में सरकार और सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को सराहा ही जाएगा।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# इस यातायात का बोझ कौन उठाएगा?



रामगोपाल जाट

भारत विकास कर रहा है, बहुत तेजी से विकास कर रहा है। पिछले दिनों एक वीडियो देखा, जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कह रहे थे कि आज अमेरिका, चीन और भारत के बाद रूस दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके साथी दो साल से कह रहे हैं कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत होगा। यह बात सही भी जान पड़ती है कि जब विश्व के सभी देश भारत के साथ मिलकर चलने का बेताब दिखाई दे रहे हैं, आज भारत विश्व में जनसंख्या के अनुसार पहले पायदान पर पहुंच चुका है, जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ता जा रहा है, दुनिया की हर छोटी-बड़ी कंपनी भारत में आकर कारोबार करना चाहती है, तब ठीक ही जान पड़ता है कि भारत से आगे अमेरिका और चीन ही हैं। कोरोना के बाद अचानक से जिस तरह वैश्विक कंपनियों ने चीन से मुंह मोड़ा, उसका लाभ भारत को मिला ही है। एप्पल जैसा ब्रांड अपना उत्पादन 25 तक भारत में करना चाहता है। 5-6 साल पहले तक भारत एक रुपये का भी मोबाइल निर्यात नहीं करता था, लेकिन आज दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। आने वाले तीन साल का अनुमान लगाया गया है कि पहले पायदान पर पहुंच जाएगा। पूरे विश्व में भारत बड़े पैमाने पर चोपहिया और दुपहिया वाहन निर्यात कर रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में भारत जितना तेजी से आगे बढ़ रहा है, उससे जान पड़ता है कि यात्री वाहनों के स्तर पर आने वाले 8-10 वर्षों में हम डीजल वाहनों को बंद ही कर देंगे। सड़कों पर देखेंगे तो हर तीसरा या चौथा वाहन इलेक्ट्रिक दिखाई दे रहा है।

जिस गति से वाहनों की संख्या बढ़ रही है, उसी गति से सड़कों पर जगह कम होती जा रही है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, मद्रास की भांति देश में जयपुर, अहमदाबाद, भोपाल, बेंगलुरु, लखनऊ जैसे दूसरी श्रेणी के शहरों में यातायात दबाव ने राहगीरों के प्राण हलक में लाने का काम किया है। अकेले जयपुर की बात की जाए तो पिछले 10 वर्षों में वाहनों की संख्या दोगुनी से अधिक बढ़ी है, लेकिन सड़कें वही हैं। कुछ सड़कों की चोडाई को छोड़ दें तो कुछ भी फर्क नहीं पड़ा है। जयपुर की हर सड़क यातायात के दबाव से कराह रही है। शहर के वीआईपी मार्गों को छोड़ दिया जाए तो यातायात पुलिसकर्मी भी नहीं मिलते। सुबह-शाम का जाम लोगों की कमर तोड़ रहा है। लाल बत्तियों पर खड़े वाहनों और जाम में फंसे राहगीरों का अधिकांश ईंधन तो सड़क पर खड़े-खड़े ही जल रहा है। पिछले दिनों एक रिपोर्ट में बताया गया कि जयपुर के वाहनों की औसत रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा है। उसमें भी सुबह-शाम की बात करें तो घटकर 12-13 किलोमीटर रह जाती है। सीएम, मंत्री या अधिकारियों के लिए सड़कों पर पुलिसकर्मी तैयार बैठे हैं, लेकिन आजकल के हालात ये हो गए हैं कि एम्बुलेंस तक को लोग रास्ता नहीं दे पाते हैं।

आगे वाहन, बगल में गाड़ी, दायें मोटरसाइकिल, अब इसके बाद यदि एम्बुलेंस पीछे से सायरन बजाती रहे तो भी वाहन चालक करेगा क्या? जिस गति से वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ रही है, उसी गति से यातायात जाम की दुगर्ति बनती जा रही है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि जयपुर शहर की जनसंख्या के अनुसार कम से कम 1000 लो फ्लोर बसों की आवश्यकता है। जबकि वास्तव में देखा जाए तो आज करीब 150 बसें बची हैं, जिनमें से भी 50 बसें अगले महीने खटारा हो जाएंगी। उसके बाद केवल 100 बसें बचेंगी, यानी आवश्यकता के मुकाबले केवल 10 फीसदी। आप अंदाजा लगा लीजिए की जाम आखिर होता क्यों है? जब सार्वजनिक वाहन होंगे ही नहीं, तो फिर लोग अपने वाहनों से यात्रा करने को मजबूर होंगे ही। जिसके पास कुछ नहीं है, वो मोटरसाइकिल खरीदना चाहता है, जिसके पास दुपहिया वाहन है, वो छोटी कार लाना चाहता है और जिसके पास छोटी कार है, वो बड़ी कार की सवारी करना चाहता है। यह होड़ इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि सरकारों ने सार्वजनिक यातायात को कमजोर कर दिया है।

जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, यानी जेसीटीएसएल की स्थापना तत्कालीन भाजपा वाली वसुंधरा राजे सरकार ने 400 बसों के साथ की थी। इसमें 50 फीसदी केंद्र सरकार का, 20 प्रतिशत राज्य सरकार की सहायता और 30 प्रतिशत हिस्सा निकाय का होगा। तब यह तर्क दिया गया था कि जयपुर के यातायात को सुगम बनाने के लिए सरकारी सहायता से बसों का बड़ा बेडा तैयार किया जाएगा, जिससे शहर में चोपहिया वाहन नहीं बढ़ें, लेकिन उसके बाद आई कांठोस की अशोक गहलोत सरकार ने इसपर ध्यान ही नहीं किया। फिर 2013 में वसुंधरा की दूसरी सरकार आई तो इस योजना पर थोड़ा काम किया गया, लेकिन 2018 में एक बार फिर कांग्रेस सत्ता में आई और जेसीटीएसएल का पतन शुरू हो गया। आज की हालत क्या है, यह किसी से छुपा नहीं है।

जब सरकार सार्वजनिक यातायात बढ़ायेगी नहीं, जनसंख्या दबाव बढ़ेगा तो वाहनों की संख्या स्वतः ही बढ़ेगी और उसके उपरांत क्या होगा, यह बताने की कोई आवश्यकता नहीं है। अतः सरकार को चाहिए कि अविलंब जेसीटीएसएल को मजबूत किया जाए, बसों की संख्या तुरंत प्रभाव से बढ़ाई जाए और लोगों को सार्वजनिक यातायात के लिए जागरूक किया जाए। किंतु आज शहरों के यातायात दबाव को नियंत्रित करने की सरकारी योजना की कोई मंशा दिखाई नहीं दे रही है। 2018 में यातायात मंत्री बने प्रताप सिंह खाचरियावास ने बड़े दावे किये, लेकिन पांच साल में एक बस नहीं आई। उसके बाद वर्तमान सरकार को एक साल हो गया, लेकिन यही पता नहीं कि यातायात मंत्री कौन हैं। ऐसे ही सरकार में अधिकारियों की स्थिति है, जिनको आदेश निकालने होते हैं, लेकिन उनके निकाले आदेश कभी पूरे ही नहीं होते। नेता, अधिकारी सरकार और पूरे सिस्टम के लिए जिम्मेदार होते हैं, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यातायात को लेकर कोई जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता।

**–रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## जितेंद्र सिंह के निधन पर परिजनों ने पार्थिव देह की दान



**बीकानेर कैलाशपुरी निवासी 82 वर्षीय सेवा निवृत जज जितेंद्र सिंह यादव के निधन होने पर परिजनों ने देह दान की।**

**बीकानेर** । कैलाशपुरी निवासी 82 वर्षीय सेवा निवृत जज जितेंद्र सिंह यादव का सोमवार को निधन होने पर परिजनों ने उनकी इच्छा अनुसार यादव के पार्थिव देह को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के एनाटॉमी विभाग को दान किया। परिजनों ने बताया कि यादव दूरदर्शी सोच रखते थे वर्ष 2018 में उन्होंने अपनी देह दान का संकल्प लिया ताकि मेडिकल स्टूडेंट्स को प्रायोगिक अध्ययन एवं शोध कार्य में कोई परेशानी नहीं आए।

इस दौरान सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने पुष्पांजलि अर्पित कर यादव की पार्थिव देह को नमन किया, और परिजनों को दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए कहा कि इनके इस निर्णय से अन्य व्यक्ति जागरूक होकर देह दान को लेकर जागरूक होंगे परिणाम स्वरूप सर्व समाज को कुशल चिकित्सक उपलब्ध हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी लगातार सर्व समाज मे देह दान के प्रति जागरूकता का संदेश देने का अभियान चला रहे है।

## देग में पकता है शुद्ध शाकाहारी भोजन

**अजमेर,** । सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में दुनिया के सबसे बड़ी देग है। यह बड़ी देग मुगल बादशाह अकबर ने दरगाह में भेंट की थी। बड़ी देग में 120 मन यानी 4800 किलो चावल एक साथ पकाया जाता है, ऐसी ही एक देग और भी है जो छोटी देग के नाम से जानी जाती हैं। इसमें एक बार में 60 मन चावल पकाए जाते है, छोटी देग को जहांगीर ने बनवाया था। देग में पूर्णतः शुद्ध शाकाहारी बकाई जाती है। ख्वाजा साहब के उर्स में 15 दिनों के लिए देग का ठेका भी छूटता है। 813वें ख्वाजा साहब के सालाना उर्स के मौके पर इस बार 2 करोड़ 68 लाख रुपए का ठेका छूटा है। खादिम कुतुबुद्दीन सकी ने बताया कि ख्वाजा साहब की दरगाह में बुलंद दरवाजे के समीप एक ओर बड़ी और दूसरी ओर छोटी देग है। बड़ी देग दुनिया का सबसे बड़ा बर्तन बताया जाता है, ये देग मुगल बादशाह अकबर ने बनवाई थी। बताया जाता है कि मुगल बादशाह ने औलाद होने की मन्नत पूरी होने पर यह बड़ी देग भेंट की, इतिहास में दर्ज है कि मुगल बादशाह अकबर की ख्वाजा गरीब नवाज में गहरी आस्था थी। औलाद की मन्नत पूरी होने के बाद वो आगरा से अजमेर तक पैदल चल कर आया था, उस वक्त अकबर ने दरगाह में बुलंद दरवाजे के पास दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में बड़ी देग बनवाई थी।


**देग में पकता है शुद्ध शाकाहारी भोजन :** खादिम सकी ने बताया कि छोटी और बड़ी देग में पुर्णतः शुद्ध शाकाहारी भोजन पकाया जाता है। आस्था के अनुयप अकीदत में मीठे चावल ही पकवाते हैं। सकी ने बताया कि सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर सभी धर्म और जाति के लोग आते है, यही वजह है कि छोटी और बड़ी देग में कभी भी मांसाहारी भोजन नहीं पकाया गया और न ही लहसुन प्याज का कभी इसमें उपयोग नहीं किया गया, केवल मीठे चावल ही पकाए जाते हैं जो रात में पकते हैं और सुबह जायरीनों में तकसीम किए जाते है। उन्होंने बताया कि अंजुमन कमेटी देग की देख रेख और ठेके का काम देखती है, उर्स के मौके पर हर रोज छोटी देग में तबर्रुक पकाया जाता है।

**मन्नत पूरी होने पर पकवाते है देग :** दरगाह परिसर में मौजूद बड़ी और छोटी देग जायरीन की धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई। ख्वाजा गरीब नवाज से मन्नत पूरी होने पर अपनी आस्था और क्षमता के अनुसार अकीदत देग पकवाते हैं और लंगर तकसीम करते है। जायरीन देगों में पैसा, जेवर, शक्कर, चावल, मेवे अपनी श्रद्धा के अनुसार डालते हैं ताकि लंगर में सहयोग हो सके।

**ख्वाजा साहब जौ का दलिया खाते थे:** खादिम सकी ने बताया कि अजमेरी बाबा के दर पर भूखा न रहे कोई देगों में पकने वाला मीठा चावल रोज जायरीन को तकसीम कर दिया जाता है। दरगाह के लंगर खाने में दो बड़े कड़ाव और भी हैं, जहां परंपरागत जौ का दलिया ही पकाया जाता है। बताया जाता है कि अजमेर आने के बाद ख्वाजा गरीब नवाज ने अपने जीवन काल में जौ का दलिया ही खाया करते थे, ऐसे में आज भी परंपरागत तरीके से ही जौ का दलिया बनाया जाता है, और लोगों में तकसीम किया जाता है, ताकि बाबा के दर से कोई भूखा न जाए।

**2.68 करोड़ में छूटा ठेका:** ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के लिए दरगाह की छोटी व बड़ी देग का ठेका 2 करोड़ 68 लाख रुपए में छूटा है। अंजुमन के सदस्य गफ्फार हुसैन काजमी ने बताया कि उर्स के 15 दिनों के लिए देग के ठेक की बोली 2 करोड़ 6 लाख रुपए में छूटी है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 31 दिसम्बर, 2024**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 12:04 तक, धुव्र योग सायं 6:59 तक, किस्तुघ्न करण दिन 3:34 तक, चन्द्रमा बुधवार प्रातः 6:01 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

त्रिपुष्कर योग रात्रि 3:22 से सूर्योदय तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:55 से 11:12 तक, लाभ-अमृत 11:12 से 1:47 तक, शुभ 3:05 से 4:22 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:40

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए आवश्यक कार्य बनने लगेंगे।

**सिंह**
आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जा सकते हैं।

**मकर**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में हुई चोरी के तीन आरोपी पकड़े

**पाली**, (नि.स.)। पाली में रेलवे सुरक्षा बल टीम ने पुलिस के सहयोग से रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में हुई चोरी के तीन आरोपी पकड़े।

रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पाली में रेलवे लाइन की पूर्ण ओवरहालिंग का कार्य किया जा रहा है जिसमें मशीन चलाने के लिए रेलवे लाइन के साथ-साथ दूसरी रेल लाइन बिछाकर उस पर मशीन चलाकर लाइन को अत्याधुनिक तरीके से बदला जा रहा है ।अतिरिक्त लाइन के नीचे लोहे के गुटके फसाकर उनमें रेलवे ट्रैक को फिक्स किया जाता है । यह कार्य रेलवे द्वारा ठेकेदार के मार्फत करवाया जा रहा है।। 24 दिसंबर को रेलवे इंजीनियरिंग विभाग को पता चला कि रात में सासी बस्ती के नजदीक रेलवे फाटक नंबर 30 के पास रखें लोहे के गुटके गायब हो रहे हैं।

उपरोक्त सूचना/ शिकायत रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पाली को दी गई, जिस पर रेलवे सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों ने निरीक्षक लक्ष्मण गौड को जोधपुर से पाली जांच के लिए भेजा।

24 दिसंबर को रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के ओमप्रकाश सीपीडब्ल्यूआई द्वारा लिखित शिकायत जारी कर रेलवे सुरक्षा बल को अवगत कराया गया कि 139 नग लोहे के सीएसटी 9 पार्ट चोरी हो गए हैं जिसकी कीमत लगभग 95000 रुपए है।

शिकायत के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मामले में अज्ञात के खिलाफ रेलवे संपत्ति की चोरी का, स्पेशल रिपोर्ट, प्रकरण दर्ज किया गया तथा मामले को डिटेक्ट करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल टीम ने अज्ञात आरोपियों को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया।

ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस के ओम प्रकाश सहायक उप निरीक्षक से सहयोग मांगा गया। जिनके प्रयास से 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुए रेलवे सुरक्षा बल टीम ने दो आरोपी राकेश पुत्र रामनिवास उम्र 32 वर्ष जाति सांसी निवासी नयागांव सांसी बस्ती पाली, देव कुमार उर्फ़ देवा पुत्र विजय उमर 26 वर्ष जाति सांसी निवासी नयागांव सांसी बस्ती पाली को पकड़ा। जिन्होंने बताया कि दोनों ने अपने एक अन्य सहयोगी किशन पुत्र मोहनलाल उम्र 22 वर्ष जाति सांसी निवासी नयागांव सांसी बस्ती पाली के साथ मिलकर शराब के नशे में अपने ऑटो में लोहा भरकर चोरी को अंजाम दिया और चोरी सामान को सासी बस्ती में छुपा दिया।

दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरित रेल संपत्ति को सांसी बस्ती से बरामद किया गया। मामला स्पेशल रिपोर्ट का होने के कारण सीपी मिर्धा अस्सिटेंट कमांडेंट रेलवे सुरक्षा बल जोधपुर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा टीम द्वारा दोनों आरोपियों को जोधपुर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया।

29 दिसम्बर को लक्ष्मण गौड निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल जोधपुर एवं रेलवे सुरक्षा बल पाली की टीम ने कॉलोनी के प्रधान तेजाराम एवं उप प्रधान अजयराम की मौजूदगी में सांसी बस्ती के रहवासियों के साथ एक मीटिंग बुलाई गई, जिसमें सभी को आगाह किया गया कि वह ऐसा ना करें और प्रशासन का सहयोग करें। रेलवे उनकी स्वयं की संपत्ति है, उसे नुकसान ना पहुंचाएं और अपराधियों को पनाह ना देंवे। जिस पर कॉलोनी वासियों ने घटना की निंदा की और जांच में सहयोग का आश्वासन दिया।

दिनांक 29 दिसम्बर को ही मामले में तीसरे आरोपी कृष्ण पुत्र मोहनलाल उम्र 22 वर्ष जाति सांसी निवासी नयागांव सांसी बस्ती पाली को गिरफ्तार किया गया।

चोरित रेलवे की संपत्ति को वहन करने के लिए उपयोग में लिए गए तीनों आरोपियों के आटो को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जप्त किया गया है। तीनों आरोपियों को जोधपुर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

मामले की जांच लक्ष्मण गौड़ निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जोधपुर द्वारा की जा रही है।

## जोधपुर में सुबह छाया रहा कोहरा

**जोधपुर**, (कासं)। सोमवार सुबह एक बार फिर कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे लोगों की धूजणी छूट गई। कोहरे से विजिबिलिटी कम होने के चलते सुबह वाहन चालकों को परेशानी हुई। सुबह आठ बजे तक शहर कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश दौर अब थम गया है। विक्षोभ गुजरने के बाद अब उत्तरी बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। धूप खिलने के बाद भी लोग सर्द हवा चलने से ठिठुरन महसूस कर रहे हैं । वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हाडक़ंपाने वाली सर्दी का दौर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। शहर में पिछले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण बादलों की आवाजाही रही जिससे गलन कम महसूस हुई। बादल छटतें ही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी, बर्फीली हवाओं के चलते कोहरा छा गया। आज सुबह भी कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग अल सुबह से अलाव तापते नजर आए। वहीं इस बढ़ती ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया। लोग बिस्तर में रहे। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन कड़ाके की सर्दी और रात व दिन के तापमान में गिरावट होने की चेतावनी दी है।

# विद्युत उपभोक्ताओं को ऑन स्पॉट बिल देंगे

**पाली**,(नि.सं.)। पाली जिले के घरेलू व अघरेलू विद्युत उपभावताओं को हर महीने मिलेगा विद्युत बिल एवं कृषि उपभोक्ताओं का दो महीने से ही आएगा। जोधपुर डिस्कॉम ने दिसंबर की मीटर रीडिंग रोक कर अब जनवरी से वर्तमान बिलिंग व्यवस्था के स्थान पर ऑन स्पॉट बिलिंग सिस्टम लागू कर दिया है।

इस व्यवस्था से जिले में जनवरी 2025 से डिस्कॉम कर्मचारी संबंधित बीसीआईटीएस फर्म के साथ मिलकर ऑन स्पॉट मीटर की रीडिंग एवं फोटो लेकर मशीन की सहायता से तुरंत विद्युत बिल बनाएंगे एवं डाउनलोड करके उपभोक्ताओं को देंगे।

डिस्कॉम में वर्तमान में हर दो माह में बिल आते हैं, लेकिन इस व्यवस्था के तहत अब मासिक बिलिंग की जाकर बिल हर माह मिलेंगे। अलबत्ता कृषि उपभोक्ता को पूर्व की भांति दो महीने से बिल जारी होंगे।

जोधपुर डिस्कॉम पाली के अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि पाली जिले में 6.22 लाख उपभोक्ता है। इस व्यवस्था में उपभोक्ता यदि चाहे तो बिल जारी होते ही निगम कार्यालय में तुरंत ही बिल जमा भी करवा सकता है। ऑनस्पॉट बिलिंग व्यवरथा के लिए सभी खण्ड एवं उपखंड के अधिशाषी / सहायक अभियन्ताओं को निर्देश प्रदान किए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं को समय पर बिल मिलने से उन्हें भुगतान के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे उपभोक्ताओं को गलत मीटर रीडिंग, बिल त्रुटि सुधार आदि कार्यों के कार्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिल समय पर नहीं मिलने की शिकायत भी नहीं होगी। अभी ऑन स्पॉट बिल जमा कराने की सुविधा शुरू नहीं की। आगामी महीनों में इसे भी लागू किया जाएगा। इसके बाद डिस्कॉम के कैश काउंटर बंद हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्पॉट बिलिंग के तहत, डिस्कॉम के कर्मचारी सीधे उपभोक्ताओं के मीटर से रीडिंग लेकर डिवाइस पर तुरंत बिल जनरेट करेंगे। सिस्टम के तहत बिल एसएमएस, ई-मेल और बिजली मित्र एप के जरिए भी भेजे जाएंगे। इसके अलावा, रीडिंग नहीं लेने की शिकायतों को समाप्त किया जायेगा क्योंकि मोबाइल डिवाइस जीपीएस से जुड़ा रहेगा और रीडिंग लेने की पुष्टि करेगा। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए 632 डिवाइस पाली जिले के 25 सब डिवीजनो में उपलब्ध कराई जाएगी। ऑन स्पॉट बिलिंग के लिए सभी कनिष्ठ अभियन्ताओ, राजस्व अधिकारियों, उपभोक्ता लिपिको, लेजर कीपरों, फीडर इंचार्जो एवं कैशियरों को अधीक्षण अभियन्ता (पवस), पाली के सभागार में आईटी विंग द्वारा ट्रेनिंग दी गई। ये सभी मास्टर ट्रेनर अन्य कर्मचारियों को ट्रेंड करेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की फ्री यूनिट बिजली का लाभ पहले की भांति मिलेगा। कृषि उपभोक्ताओं के लिए उनकी बिलिंग प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्हें पहले की तरह ही प्रत्येक दो महीने के बाद बिल प्राप्त होता रहेगा। डिस्कॉम के जो उपभोक्ता वर्तमान में फ्री बिजली का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें पहले की तरह सरकार की योजना के तहत फ्री यूनिट मिलती रहेगी। ऑन स्पॉट बिलिंग व्यवस्था से जिले के 6.22 लाख उपभोक्ताओं को बिजली मित्र एप के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपने बिल संबंधी सभी जानकारी मिलेगी।

बिजली व बिल संबंधित शिकायतें भी दर्ज कर सकेंगे। बिजली उपभोक्ताओं को जनवरी से ऑन स्पॉट बिल मिलने लगेगा।

# स्वस्थ जीवन के लिए नया पाठ्यक्रम शुरू होगा

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जहां अब "स्वस्थ जीवन के लिए स्वावलंबी चिकित्सा का आधारभूत पाठयक्रम " शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।।जिसमें गौ आधारित-पंचगव्य एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धितयों को सिखाया जाएगा। साथ ही लोक में प्रचलित चिकित्सा पद्धितयों का वैज्ञानिकीकरण करने के प्रमुख उद्देश्य से यह पाठयक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कुलपति प्रोफेसर प्रजापति ने बताया कि इस अभिनव डिप्लोमा पाठ्यक्रम का उद्देश्य समाज में दो प्रमुख स्तरों पर महत्वपूर्ण कार्य करना है:

प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य के जागरूक कार्यकर्ता तैयार किए जाएंगे, जो गांवों और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रोगों के निवारण के लिए परामर्श और सरल उपचार उपलब्ध कराएंगे।

इससे अस्पतालों पर भार कम होगा और गंभीर रोगियों को बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

यह पाठ्यक्रम आम व्यक्ति को सिखाएगा कि वह कैसे स्वस्थ रहे और बीमारियों से बचे। प्रशिक्षित कार्यकर्ता गांव और छोटे स्थानों पर प्राकृतिक चिकित्सा पद्धितयों का उपयोग कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएंगे।

यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम आयुर्वेद, पंचगव्य चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, चुंबक चिकित्सा, और अन्य वैकल्पिक पद्धितयों पर आधारित है।

6 माह की अवधि के इस कोर्स में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 12 वी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस कोर्स को कर सकते है। प्रशिक्षण के लिए गौ संवर्द्धन आश्रम, मोकलावास के साथ समझौते के आधार पर अभ्यास भी कराया जाएगा।

यह पाठ्यक्रम गांव आधारित चिकित्सा और ठाामीण उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देकर रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने पर केंद्रित है।

इससे गांवों और छोटे कस्बों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। पंचगव्य और प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर हो सकेगा। पहले से कार्यरत पारंपरिक चिकित्सा विशेषज्ञों को मान्यता और प्रमाणन मिलेगा।

प्रधानमंत्री जी के "स्वस्थ भारत मिशन" को बल मिलेगा और भारतीय चिकित्सा पद्धितयों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में योगदान होगा।

यह प्रयास न केवल ठाामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि लोगों में प्रकृति आधारित जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। आयुर्वेद वि वि प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होगा जहां अब गौ आधारित -पंचगव्य एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धितयों को सिखाया जाएगा।

## 151 किलो लापसी गायों को खिलाई

**जोधपुर**, (कासं)। रावणा राजपूत समाज गौ सेवा समिति व गौ भक्तों की ओर से सोमवार को सोमवती अमावस्या पर सिद्धनाथ पहाड़ियों में स्थित गौशाला में 151 किलो लापसी बनाकर गायों को खिलाई गई। वहीं रेलवे यूनियन के चुनाव में जोनल अध्यक्ष कामरेड मनोज कुमार परिहार का भारी मतों से विजयी होने पर तथा रावणा राजपूत समाज हरिद्वार धर्मशाला की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष गजेसिंह भाटी, सचिव राजेंद्रसिंह दहिया, कोषाध्यक्ष नाथूसिंह सिसोदिया, सचिव अमरसिंह राठौड़, सचिव पुरुषोत्तमसिंह पंवार, सदस्य रामसिंह सिसोदिया व एसी कोचिंग मे टेक्नीशियन प्रथम के पद पर पदोन्नित होने पर दीपेंद्रसिंह भाटी का स्वागत किया गया। महावीर काकरिया, विजय व्यास, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष टीके सिंह पंवार, गोविंदसिंह राठौड़, प्रेमसिंह राठौड़, लालसिंह पंवार पोकरण, महेंद्र सिंह, हिमांशु मकवाना, नैनसिंह बडगूजर, महेंद्रसिंह परिहार, विजयसिंह चौहान, जोरावरसिंह, कृष्णा गहलोत आदि मौजूद थे।

# गौपुष्ट सेवा सप्ताह शुरू




**जालोर में गौपुष्ट सेवा सप्ताह के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौशालाओं में पोष्टिक आहार वितरित किया।**
फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं) I आगामी 4 जनवरी को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के 54वें जन्मदिवस के उपलक्ष में सोमवार को जालोर विधानसभा क्षेत्र की करीब 12 गौशालाओं के गौवंश को पौष्टिक आहार वितरित कर गौपुष्ट सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

गौपुष्ट सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जालौर जिले के विभिन्न गौशालाओं में गौपुष्ट आहार वितरित कर, गौसेवा का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत सोमवार को जालौर शहर में स्थित आदर्श गौशाला में गौपुष्ट सेवा सप्ताह का शुभारंभ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी,ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, जिला मंत्री सुशीला सैन, भूरसिंह देवकी, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष,पहाडसिंह राव बोरली, परमवीर सिंह भाटी, इंद्र गर्ग, अचल सिंह परिहार, मेथीदेवी, राजेन्द्र टाक, महेश भट्ट, हिरालाल देवासी, हेमेंद्रसिंह बगेडिया, दिनेश बारोट सहित गौभक्त व लोग उपस्थित रहे।

## जैसलमेर में स्वर्ण आभूषण चोरी

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर की विश्व विख्यात पटवा हवेली पहुंचने के मुख्य मार्ग शारदा पाड़ा जिसे शहर का ह्रदय स्थल माना जाता है उसी शारदा पाड़ा के दो रहवासी मकानों के दिन में अज्ञात चोरो ने ताले तोड़ दिए एक मकान जो भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा के बड़े भाई श्री देवकीनंदन शारदा का है। वहां चोरो ने मुख्य द्वार का ताला तोड़ा लेकिन देरी होते देख अंदर का ताला नही तोड़ पाए जिससे शारदा के भाई बच गए। चोरो ने इससे पहले चोरो ने शारदा के रिश्ते में भाई मदनलाल शारदा के मुख्य गेट का ताला तोड़ा अंदर अलमारी का ताला तोड़ उसमें रखें करीब 10 तोला सोने के आभूषण और 40 हजार नगदी पार कर दिए।

चोरी के समय मदनलाल और उनकी पत्नी बाजार चश्मा ठीक करवाने गए हुए थे वापिस आने पर उन्होंने घर में चोरी होना पाया कोतवाली में मामला दर्ज करवाया और पडोसियों के संग एस पी से मिलने गए उन्हे एपलीकेसन दी परन्तु समाचार लिखने तक चोर पकड में नही आये

शहर के वरिष्ठ नागरीक चन्द्रमोहन ने बताया कि इन दिनों जैसलमेर में घरों में पोचा लगाने वाली दूसरे शहरों से यहाँ आई हुई महिलाएं आती है जिनका कोई पुलिस वेरीफिकसेन नही किया गया होता है। महिलाओं को घर के आभूषण कहाँ रखें है जानकारी होती है।

# पाली में राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग शुरू



**राष्ट्र सेविका समिति पाली विभाग का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग प्रशिक्षण ताड़केश्वर रामेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 4 जनवरी 2025 तक चलेगा।**
फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली** , (नि.सं.)। महिलाओं के सबसे बड़े अखिल भारतीय संगठन राष्ट्र सेविका समिति के द्वारा बहनों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते हैं।

इसी क्रम में पाली विभाग का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग ताड़केश्वर रामेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को शुरू हुआ जो 4 जनवरी 2025 तक चलेगा ।

विभाग कार्यवाहिका श्रीमती अंजना सराफ ने बताया कि वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा इस संगठन की नींव रखी गई थी। आज यह संगठन वटवृक्ष का रूप ले रहा है और प्रतिवर्ष हजारों बहनें इससे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हृदय में राष्ट्रभक्ति का भाव जगा रही है। इस प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग में पाली विभाग के तीनो जिला पाली , सोजत व बाली के लगभग हर खंड से बहनों की सहभागिता रहेगी। इन वर्गों में आने वाली बहनों को शारीरिक मानसिक व बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। इसमें 14 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक की बहने अपेक्षित होती है। खंड स्तर तक की बहनों को जोड़ने के लिए विस्तारिकाओ और प्रवासी कार्यकर्ताओं द्वारा सघन प्रवास करके प्रयास किया गया। उसी के परिणाम स्वरूप इन शिक्षा वर्गों में शीत लहर होने के बावजूद अच्छी संख्या में बहनें उपस्थित है। इस वर्ग की वर्गाधिकारी श्रीमती कुमुद चौहान और वर्ग कार्यवाहिका श्रीमती लक्ष्मी जाट रहेंगे। अध्यक्ष के रूप में श्रीमती धीरज भार्गव व अतिथि के रूप में डॉ दीपाली लोढ़ा मुख्य वक्ता श्रीमती आशा जोशी (जोधपुर प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कड़ाके की सर्दी के बीच 7 दिन तक चलने वाले इस वर्ग में कुल 106 संख्या आयी हैं जिसमें पाली विभाग के 3 जिलों के सभी खण्डों से 83 शिक्षार्थी,13 शिक्षिकाएँ, 5 प्रबंधिका, 5 अधिकारी आये हैं। उद्घाटन सत्र में प्रातः यज्ञ हवन किया गया जिसमें सभी 106 सेविकाओं के द्वारा आहुतियाँ दी गई। सेविकाओं को संबोधित करते हुए प्रान्त सह बौद्धिक प्रमुख श्रीमती आशा जोशी ने राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना, समिति के विस्तृत स्वरूप, कार्यकर्ता निर्माण में प्रशिक्षण वर्गों का महत्व, महिला संगठन की आवश्यकता एवं समिति लक्ष्य की चर्चा की।

इस प्रारम्भिक वर्ग में विभाग भर से आई हुई गृहिणियाँ तरुणियाँ, विद्यार्थी सेविकाएँ, अगले 7 दिनों तक शारीरिक, बौद्धिक प्रशिक्षण के साथ साथ विभिन्न राष्ट्रीय सामाजिक व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा, उद्धबोधन व कार्यक्रमों से कई प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी।

# जोधपुर पोलो सीजन संपन्न

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह जी एयरपोर्ट रोड़, पाबूपुरा में सोमवार 30 दिसम्बर को अबू सियर कप के प्रदर्शन मैच के साथ ही गत 27 नवम्बर से 25वें जोधपुर पोलो सीजन 2024 का विधिवत् समापन हो गया। आज खेले गये अबू सियर कप के प्रदर्शन मैच में जोधपुर कोल्ट्स व इण्डियन नेवी क्यूब्स टीमों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में जोधपुर कोल्ट्स ने तीन के मुकाबले आठ गोल कर पांच गोल के अन्तर से जीत दर्ज कर ली। जोधपुर पोलो के संरक्षक एच.एच. महाराजा गजसिंह जी व मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन ऑफ इन्टरनेशनल पोलो के मोहम्मद जकी मैदान में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने मैच की शुरुआत में गेंद फेंककर खेल शुरु करवाया व मैच समाप्ति पर महाराजा गजसिंह जी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफियां प्रदान की। मैच के पूर्व मैदान में उपस्थित मेहरानगढ़ बैण्ड व 1 मैक आईएनएफ वन मद्रास पाईप बैण्ड ने मार्चपास्ट किया व मैच के मध्य में सुमधुर धुनों से मनोरंजन किया।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि जोधपुर कोल्ट्स टीम की ओर से खेलते हुए टीम के धनंजयसिंह राठौड़ ने पहले चक्कर में दो व चौथे चक्कर में एक गोल, निखिलेन्द्रसिंह राठौड़ ने पहले चक्कर में एक गोल, योगेश्वर सिंह भांवरी ने तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व आर्यमन सिंह ने चौथे चक्कर में दो गोल किए। मुकाबले में इण्डियन नेवी क्यूब्स टीम की ओर से दो हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के खिलाड़ी निकोलस स्कोर्टीचीनी टीम के एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने सभी तीनों गोल किए। निको ने पहले चक्कर में एक व दूसरे चक्कर में दो गोल किए। तीसरे व चौथे चक्कर में यह टीम गोल करने में नाकाम रही।

# ओपन शतरंज प्रति. 4 से

**जोधपुर**, (कासं)। महाराजा श्री अग्रसेन ओपन शतरंज प्रतियोगिता 4 व 5 जनवरी को पांचवी रोड स्थित श्री अठासेन वाटिका में आयोजित होगी। गुकेश के विश्व विजेता बनने के उपलक्ष्य मे यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। आयोजन सचिव मोहम्मद आरिफ ने बताया कि अलेखाईन शतरंज अकादमी व श्री अग्रवाल पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में खेली जाने वाली यह प्रतियोगिता ओपन, अंडर 7, 9, व 12, 15 आयु वर्ग में 7 चक्रों में फिड़े स्विस लीग पद्धित से खेली जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय रेटेड व राज्य स्तरीय खिलाडिय़ों सहित 180 से अधिक शातिरों के खेलने की सम्भावना है।

प्रतियोगिता में 32 हजार रुपयों की इनामी राशि भी रखी गई है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को पांच हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। श्री अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष मुकुल गुप्ता चार जनवरी को प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह दस बजे करेंगे। मुख्य निर्णायक अंतराष्ट्रीय निर्णायक राजेंद्र तेली (उदयपुर) रहेंगे। उप मुख्य निर्णायक डॉ जयमल सिंह राठौड़ तथा वीरेन्द्र हरखानी, रफत खानम, पूनम भागचन्दानी,नीलकमल गुप्ता, सुनील वर्मा व पुरषोत्तम जांगिड़ प्रतियोगिता के निर्णायकों की भूमिका में होंगे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.01.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 135580700015230, 5233, 5304, 5322, 135580730018224, 8242, बाडमेर, 138040700003235, 3574, 138040750000029, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 138060700003591, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700045612, 5697, 5713, 5801, 5857, 5886, 5915, 5944, 5991, 5994, 6024, 6049, 6068, 6069, 6076, 6079, 6088, 6098, 6100, 114110730031870, 2167, 2294, 114110750000049, महा मंदिर सर्कल, 123010700037427, 7506, 7519, 7535, 7546, 7564, 123010730042820, 2957, 123010750000046, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700015521, 5664, 5670, 5747, 5810, 6956, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700035847, 5982, 5987, 6034, 6143, 6189, 6190, 6234, 6247, 6254, 6259, 6297, 6321, 124320730030718, 0826, 0918, 1049, 1092, पाली, मानड्या रोड, 115370700022382, 2386, 2503, 115370730024487, 4516, 115370750000102, सुमेरपुर, 135550700012515, 2617, 2623, 2624, 135550750000113, सूरजपोल पाली, 115410700027603, 7608, 7767, 7781, 7787, 7812, 115410730022095, 2377, 2387, 2399, 2402, 2501, 115410750000119, 0143, सिरोही, आबू रोड, 138340730015244, बायपास रोड सिरोही, 138070700003962, 3980, 138070730006038, गौशाला रोड शिवगंज, 137980780000065, सिरोही राजस्थान, 119970700020981, 119970730037458,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## जलापूर्ति 2 को बाधित रहेगी

**जोधपुर**, (कासं)। ग्रीष्म ऋतु के लिए जल भंडारण एवं जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के अति आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिये 2 जनवरी को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों मे जलापूर्ति बन्द रहेगी। अतः जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित क्षेत्रों में 2 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 3 जनवरी को तथा 3 जनवरी की जलापूर्ति 4 जनवरी को होगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर के अधीक्षण अभियंता मनोज भवण ने बताया कि झालामण्ड एव तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुडे क्षेत्र सरस्वती नगर,एवं कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पठााम के आस पास क्षेत्रो में 2 जनवरी को सुबह 10:00 बजे तक की जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी।

# चिकित्सा व परामर्श शिविर में 227 से अधिक लोगों का उपचार किया

**जालोर**, (कासं)। रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स हरजी, जैन संघ हरजी एवं रोटरी क्लब, जालोर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगा।

रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुंदेशा ने बताया कि शिविर में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों एवं हरजी ग्राम से करीब 227 से अधिक लोगों एवं मरीजों ने निशुल्क परामर्श शिविर कैम्प का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी रोटरी इंटरनेशनल 3055 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक कार्यों की बदौलत ही रोटरी की पहचान देश-विदेश में है। शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, जल संरक्षण में क्लब की ओर से कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। क्लब रोटरी फाउंडेशन की मदद से बडी योजनाओं को धरातल पर लाने हेतु प्रयासरत हैं।

असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इंटरनेशनल डॉ.पवन ओझा ने बताया कि रोटरी के सेवन फोकस एरिया में से एक क्षेत्र बीमारी की रोकथाम एवं स्वास्थ्य पुनर्स्थापना के उद्देश्य के तहत इस तरह के शिविर का आयोजन विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलकर किया जाता है । जिससे की आम जनता को विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ मिल सके और लोगो में विभिन्न संक्रामक एवं असंक्रामक रोगों को लेकर जागरूकता उत्पन्न हों । समय पर बीमारी का निदान हो सके और सही समय पर इलाज संभव हो सके।

शिविर में पालनपुर देसाई हॉस्पीटल से डॉ. रवि देसाई, श्रीनाथ हॉस्पिटल जालोर से जनरल फिजिशियन डॉ. किरण प्रजापति, मातेश्वरी डेंटल हॉस्पिटल से दंत चिकित्सक डॉ. कुलदीप सुंदेशा ,श्रीराम हॉस्पिटल से प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.उकाराम चौधरी, डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजाराम चौधरी ,लेजर एवं लेप्ररोस्कोपिक सर्जन एवं पाइल्स रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ त्रिवेदी एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने शिविर में आये मरीजों एवं परामर्श के लिए आये ग्रामीण लोगों की स्वास्थ्य जांच की । शिविर आयोजन में रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स हरजी के अध्यक्ष राहुल व्यास, संरक्षक चम्पतलाल सोमपुरा ने शिविर व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करके शिविर को सफल बनाया ।

रोटरी क्लब ऑफ बेलगाम एलीट से रोटेरियन हेमेंद्र पारसमल एवं जैन संघ हरजी के अध्यक्ष अंबालाल तोलचंद, इंदरमल लेखराज मांगीलाल केसरीमल रमेश वीरचंद राकेश इंदरमल डॉ.महेंद्र इंदरमल मोहनलाल ओटमल ने भी शिविर में अपनी सेवाऐ प्रदान की । शिविर समापन में रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुन्देशा सचिव सीए जिशान अली एवं कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सुंदेशा ने शिविर में पहुंचकर अपनी सेवाऐ प्रदान करने वाले सभी डॉक्टर्स एवं उनके सहयोगी सदस्य एवं रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स, जैन संघ हरजी का निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर करने पर आभार और अभिनंदन प्रकट किया।

## 'सुरक्षा पेंशन के लिए भौतिक सत्यापन करवाएं'

**पाली**,(नि.सं.)। समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत पाली जिले में 3 लाख 53 हजार 397 पेंशनर्स को वृद्धावस्था, एकल नारी व दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जे.पी. अरोड़ा ने बताया कि योजना के नियमानुसार प्रत्येक वर्ष अन्तिम दो माह नवम्बर व दिसम्बर में पेंशनर्स को वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना होता है।


भौतिक सत्यापन पेंशनर्स ई-मित्र कियोस्क/राजीव गांधी सेवा केन्द्र/ई-मित्र प्लस केन्द्रों पर अंगुली की छाप तथा एन्ड्राइड मोबाइल एप के माध्यम से फेस रिकाग्निशन के आधार पर करवा सकते है।

# सांचौर में महापड़ाव; कांग्रेस नेता ने की आत्मदाह की कोशिश

## सांचौर जिला निरस्त करने के बाद जनाक्रोश

**सांचौर, (निसं)।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में घोषित सांचौर जिले को निरस्त करने के बाद जनाक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के आगे महापडाव किया गया, जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिसके बाद में सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति व पूर्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में बडी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यवाहक एडीएम प्रमोद कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर दूर है, जबकि अन्य हाल ही में बनाए जिले जैसे डींग, खैरथल, और सलूंबर आबादी और दूरी के मानकों के आधार पर सांचौर के समान हैं। बावजूद सांचौर जिले को निरस्त करना स्थानीय निवासियों के साथ अन्याय है। सुखराम बिश्नोई ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिना किसी ठोस आधार के यह निर्णय लिया है। ज्ञापन में बताया कि सांचौर जिला बनने के बाद लोगों के कार्य सरल और सुलभ हो गए थे। अब इसे निरस्त करने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।



साचौर जिला निरस्त होने के विरोध में उमड़ा जनाक्रोश।

- **आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर किया विरोध प्रदर्शन**

सांचौर जिले को रद्द करने के बाद में सोमवार को महापड़ाव में कांग्रेस नेता अमराराम माली पेट्रोल से भरी बोतल लेकर पहुंचे थे और इसी बीच उन्होंने आत्मदाह की कोशिश की। लेकिन पुलिस कर्मियों की सजगता से उनके हाथ से बोतल को छीन लिया। आपको बता दें कि पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के द्वारा सांचौर जिले को रद्द करने को लेकर दिए गए बयान के बाद में सांचौर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें कांग्रेस नेता अमराराम माली ने कहा था कि अगर सरकार जिला रद्द करती है तो वह इसी कलेक्ट्रेट के आगे आत्मदाह कर लेंगे। ऐसे में आज उन्होंने आत्मदाह की कोशिश की।

## पेड़ पर लटका मिला नाबालिग का शव

**डूंगरपुर।** निठाऊवा थाना क्षेत्र के ढाणी और वालाई गांव के बीच नदी किनारे एक पेड़ से नाबालिग का शव लटका मिला। नाबालिग 4 दिन पहले घर से बकरियां चराने निकली थी और घर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निठाऊवा थानाधिकारी ने बताया कि वालाई निवासी रूपा कलासुआ ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह किसी काम से इंदौर गया हुआ था। वहीं उसकी पत्नी और 3 बेटियां घर पर थी। 26 दिसंबर को उसकी बड़ी बेटी आरती कलासुआ बकरियां चराने के लिए घर से निकली थी, जो शाम तक वापस नहीं आई। बेटी के घर नहीं आने की जानकारी पत्नी ने फोन पर उसे दी। वहीं बेटी की आस पास और रिश्तेदारी में भी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। रूपा कलासुआ रविवार शाम को अपने घर लौटा। देर शाम को निठाऊवा थाना पुलिस को ढ ाणी और वालाई गांव के बीच नदी के पास एक पेड से किसी लडकी के शव के लटके होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लडकी के शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। मृतका की पहचान पुलिस ने वालाई गांव निवासी आरती के रूप में की। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दी। रात को शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं सोमवार को सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# उड़ीसा से लाया जा रहा 80 लाख का गांजा पकड़ा

## दस और चार किलो के पैकेट बना रखे थे

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रेंज की इस टीम ने जोधपुर के आसोप थाने के सामने रात को एक ट्रक ट्रोला को पकड़ा है। खाली नजर आने वाले इस ट्रोले में वैक्यूम साइड में तहखाना बनाकर बड़ी मात्रा में गांजा लाया जा रहा था। पुलिस की इस टीम ने ट्रोले से 500 किलो से ज्यादा गांजा बरामद कर उसके चालक और खलासी को पकड़ा है। पकड़ा गया गांजा उड़ीसा से लाया गया है जोकि पंजाब और हरियाणा में सप्लाई होना था। अब तक की पूछताछ में सामने आया कि गांजा जेल में बैठे एक अपराधी की तरफ से ऑपरेट कर मंगाया गया है। मारवाड़ में गांजे का कारोबार भी शुरू किया जाना था। बरामद हुए गांजे की अनुमानित कीमत 70-80 लाख रूपए होना बताया गया है।

- **ट्रोले में बनाया गया तहखाना, दो लोगों को पकड़ा**
- **उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना से होती है गांजे की सप्लाई**

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि नए साल के जश्न एवं शौक मौज के लिए मारवाड़ में मादक पदार्थों की तस्करी बढने की आशंका में साइक्लोनर टीम को सचेत कर रखा है। गोपनीय सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजे से गांजे की बड़ी सप्लाई हुई है। जिस पर साइक्लोनर टीम को सचेत किया गया। इस टीम ने उड़ीसा से ही नजर रखनी शुरू कर दी और उसका पीछा करने लगी। बीच रास्ते एक ढाबे पर टीम रूकी तब संभवत: तस्करों को भनक लग गई कि साइक्लोनर टीम पीछे लगी हुई है। इसके बाद तस्करों ने अपने अपने फोन बंद कर दिए थे। उड़ीसा से लाए जा रहे ट्रक जोकि कई सीमाओं व रास्तों से निकला था। बाद में यह ट्रक ट्रोला रात को जोधपुर के आसोप थाने के सामने नाकाबंदी में पकड़ा जा सका।

आईजी रेंज विकास कुमार के अनुसार सबसे बड़ी बात है कि यह ट्रक ट्रोला जोधपुर से खाली गया था और वापिस खाली ही लौटा था। मगर जब साइक्लोनर टीम ने इसका बारिकी से निरीक्षण किया तो पता लगा कि ड्राइवर सीट और वैक्यूम पावर के बीच में एक तहखाना बना हुआ था, जिसमें प्लास्टिक बैग्स नजर आए। जोकि गांजा था।

ट्रक के तहखाने में दस- दस किलो की 42 और 4 -4 किलो के 20 पैकेट बना रखे थे। यानी तकरीबन 5 क्विलंट से ज्यादा यह गांजा मिला है। जिसकी अनुमानित कीमत 70-80 लाख रूपए है। आईजी रेंज विकास कुमार ने बताया कि इसमें रात को भोपालगढ़ के रहने वाले नरेश पुत्र जयकिशन एवं चैनाराम पुत्र पेमाराम को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे अभी पूछताछ चल रही है। अभी तक पूछताछ में सामने आया कि जेल में बैठा अपराधी यह सब ऑपरेट कर रहा था। उसने यहां से खाली ट्रक ट्रोला भिजवाया और वापिस खाली मंगाया। ट्रक ट्रोले की अनुमानित कीमत 50 लाख है और तेल-टोल पर तकरीबन 1.50 लाख खर्च कर रिस्क खेला है। जेल में बैठे अपराधी का नाम सामने आया है। जिसको नामजद कर उसे भी पकड़ा जाएगा।

इतने बड़े स्तर पर गांजे का मारवाड़ में आकर कारोबार शुरू कर बाद में उसे पंजाब और हरियाणा में भेजे जाने की योजना में बड़े रैकेट का पता लग सकता है। इसके लिए रेंज पुलिस नारकोटिक्स विभाग ( एन.सी.बी.) के साथ मिलकर कार्रवाई करेगी।

# हवाओं से फिर कांपी लेकसिटी, तापमान पहुंचा 5.6 डिग्री

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में हवाएं कंपकंपी छूटा रही है। बादल छटने के बाद दो दिन से सर्द हवाओं ने जोर पकड़ लिया और तापमान में भी दो दिन में करीब दस डिग्री की गिरावट हुई है। ठंडी हवाओं ने तापमान को फिर पांच डिग्री के करीब ला दिया है। हालांकि दिन के तापमान में सोमवार को बढ ोतरी हुई है। इधर, अभी दो दिन और कड़ाके की सर्दी का असर रहेगा।

लेकसिटी में सर्दी का तापमान फिर सिंगल डिजिट में आ गया है। हाडकंपाने की सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शनिवार रात से हवाओं का असर मौसम में घूला और दो दिन में शीत लहर ने तापमान को दस डिग्री नीचे ला दिया। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। दिसम्बर माह में

- **17 दिसम्बर के बाद फिर इतना पारा नीचे गया**

सबसे अधिक ठंडे रहने वाले दिन 14, 15 व 16 दिसम्बर थे जब तापमान पांच डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया था। इन दिनों में तापमान क्रमश: 3.4, 4.0 व 4.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद 20 दिसम्बर तक तापमान सिंगल डिजिट में रहा लेकिन धीरे-धीरे बढ़ ता रहा और सर्दी कम होती गई लेकिन बीते दो दिनों से सर्द हवाएं चली और कंपकंपाने वाली सर्दी का असर देखा गया। सोमवार को तापमान 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इससे पहले 17 दिसम्बर को तापमान 5 डिग्री से ऊपर 6.4 डिग्री रहा था। दिन के तापमान में हालांकि वृद्धि हुई है ऐसे में दो दिन में हवाओं का जोर कम पड़ने के साथ तापमान में बढ ोतरी होगी।

**अजमेर में घना कोहरा, तापमान में गिरावट, गलन का एहसास :-** गत दिनों प्रदेश में हुई ओलावृष्टि और बरसात के बाद बढ़ी सर्दी का असर के चलते अजमेर में सोमवार को भी घना कोहरा छाया रहा। सुबह 10 बजे तक पूरा शहर कोहरे की चादर में सिमटा रहा। स्कूली की छुट्टियां होने के चलते बच्चों घरों में रह कर सर्दी का लुत्फ उठा रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी है, जिससे लोगों को गलन का एहसास हो रहा है। सूरज बादलों के ओट में छुपा रहा, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ गया। सर्द हवाओं के चलते शहरवासियों कड़ाके की ठंड का अहसास कराया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले कुछ दिनों में भी तापमान में और गिरावट की संभावना है। कोहरे और ठंड की वजह से शहर में कई स्थानों पर आग तापते हुए लोग दिखाई दिए। बाज़ारों में भी भीड़ कम नजर आई।

# विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर करें ध्यान केन्द्रित : राज्यपाल

**भरतपुर, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करे। इसी से उसका सर्वांगिण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ठांथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है।

बागड़े सोमवार को भरतपुर विकास प्राधिकरण के ओडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 60 वें प्रांत अधिवेशन के उद्घघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के दौरान ध्यान लगाकर अध्ययन करें, किसी प्रकार की शंका-संकोच के लिये अध्यापक से जब तक सवाल करें तब तक आपके जवाब प्राप्त नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि शिक्षा लेना आपका हक है और सिखाना अध्यापक का कर्तव्य है। बागड़े ने कहा कि विद्यार्थी अपनी बौद्धिक शक्ति, गुणों, कौशल, नम्रता व संस्कारों से एक उजाले के जैसे चमककर अपनी प्रतिभा दिखाऐं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी महज किताबों के ज्ञान अर्जन या सर्टिफिकेट व डिग्री पर आश्रित ना रहे, बौद्धिक क्षमता का विकास कर व्यवहारिक गुणों के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी संगठन अपनी शक्ति का विकास कर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 60वें प्रांत अधिवेशन का आयोजन हुआ।

विद्यार्थियों कि सहायता करने के साथ-साथ देश का नाम व शौर्य बढ़ाने का कार्य करें।

उन्होंने भारतीय इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र करते हुए महाराण प्रताप की शौर्य गाथा एवं गुरू गोबिन्दसिंह के पुत्र बाल जोरावरसिंह व फतेहसिंह की बलिदान गाथा के बारे में बताते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए परिषद की पिछले 1 वर्ष के व्रत को सबके समक्ष रखा और कहा कि विद्यार्थी परिषद पिछले 75 वर्ष से समाज परिवर्तन का कार्य कर रही है अंत में स्वागत समिति के सचिव डॉक्टर प्रदीप डागुर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए समाज में परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं। नगर मंत्री सचिन तगड़ी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह अधिवेशन 30 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होगा 1 जनवरी 2025 तक चलेगा 31 दिसंबर को भरतपुर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन एवं लक्ष्मण मंदिर पर खुला अधिवेशन किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा प्राण संगठन मंत्री पूरन सिंह राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा, प्रांत अध्यक्ष जिनेश जैन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी, पूर्व प्रांत अध्यक्ष हेमंत महावर, विभाग संगठन मंत्री पंकज यादव विभाग संयोजक नितेश चौधरी, जिला संयोजक दौलत शर्मा आदि उपस्थित रहे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सर्किट हाउस भरतपुर पहुंचने पर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, रेंज आईजी राहुल प्रकाश, महाराजा सूरजमल यूनिवर्सिटी के वीसी प्रोफेसर रमेश चंद्रा, भरतपुर डवलपमेंट अथॉरिटी के सचिव आईएएस ऋषभ मंडल, सीईओ जिला परिषद आईएएस मृदुल सिंह, यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. अरुण पांडेय ने अगुवानी की।

# पश्चिमी सरहद सीसीटीवी कैमरों से लैस, सीमा चौकियों में बनाए कंट्रोल रूम

**बीकानेर।** भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अब पांच किलोमीटर दूर से ही पता चल जाएगा कि कोई घुसपैठिया आ रहा है और बीएसएफ अलर्ट हो जाएगी। राजस्थान की पश्चिमी सरहद को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है। सीमा चौकियों पर कंट्रोल रूम बना दिए गए हैं, जहां से पाक सीमा में दूर तक निगरानी रखी जा रही है।

पाकिस्तान से सटी राजस्थान की 1070 किलोमीटर लंबी सीमा पर 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बीएसएफ की सीमा चौकियों पर कंट्रोल रूम बना दिए गए हैं, जहां बैठकर जवान चौबीस घंटे पाकिस्तान की सीमा में पांच किलोमीटर अंदर तक निगरानी कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए बॉर्डर हाई अलर्ट मोड पर है। बीएसएफ किस प्रकार विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में सीमा की चौकसी करती है, यह जानने के लिए राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एमएल गर्ग की विशेष अनुमति लेकर भास्कर टीम पाकिस्तान सीमा पर पहुंची। पूरी रात बॉर्डर पर कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच बीएसएफ की सुरक्षा प्रणालियों और पाक रेंजर्स की हरकतों को लाइव देखा। न्यूनतम पारा 3-4 डिग्री के आसपास था। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन काफी थी। बीएसएफ की महिला जवान पुरुषों के बारबर पेट्रोलिंग कर रही थीं।

आईजी गर्ग ने बताया कि कोहरे को देखते हुए श्रीगंगानगर से लेकर जैसलमेर, बाड़मेर तक नफरी बढ़ ा दी है। 140 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि बॉर्डर पर चौबीस घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बीएसएफ किस प्रकार विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में सीमा की चौकसी करती है, यह जानने के लिए राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एमएल गर्ग की विशेष अनुमति लेकर भास्कर टीम पाकिस्तान सीमा पर पहुंची। पूरी रात बॉर्डर पर कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच बीएसएफ की सुरक्षा प्रणालियों और पाक रेंजर्स की हरकतों को लाइव देखा। न्यूनतम पारा 3-4 डिग्री के आसपास था। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन काफी थी बीएसएफ की महिला जवान पुरुषों के बारबर पेट्रोलिंग कर रही थीं। आईजी गर्ग ने बताया कि कोहरे को देखते हुए श्रीगंगानगर से लेकर जैसलमेर, बाड़मेर तक नफरी बढ़ ा दी है। 140 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि बॉर्डर पर चौबीस घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमा चौकी पर कंट्रोल रूम। स्क्रीन पर पाक की आउटपोस्ट और ओपी टावर भी दिख रहा है। इस स्क्रीन पर एक साथ आस-पास की तीन सीमा चौकियों पर निगरानी रखी जा रही है।

## अभ्यर्थियों को जिला संशोधन का मौका

**अजमेर, (कासं)।** नए जिलों के रद्द होने के फैसले के बाद राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने रीट-2024 के आयोजन को लेकर नए सिरे से कवायद शुरू कर दी है। राज्य सरकार द्वारा रद्द किए गए 9 जिलों से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनके गृह जिले संशोधन का मौका दिया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार प्रदेश के सभी 41 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जबकि रद्द हुए 9 जिलों में सेंटर नहीं होंगे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव और रीट समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार महिला अभ्यर्थियों का सेंटर उनके गृह जिले में ही दिया जाएगा। बोर्ड की कोशिश रहेगी कि पुरुष अभ्यर्थियों को भी उनके गृह जिले में सेंटर मिले। अगर यह संभव नहीं हुआ तो पास के जिलों का आवंटन किया जाएगा।

# सेना में कार्यरत जवान का ब्रेन हैमरेज से हुआ निधन



खेतड़ी के जवान का ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया जिसकी पैतृक गांव में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई।

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के राजोता पंचायत की ढाणी लगरियावाली निवासी सेना के जवान का ब्रेन हैमरेज होने से निधन हो गया।

सोमवार को पैतृक गांव में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई। इस दौरान युवाओं की ओर से निजामपुर मोड़ से ढाणी लगरियावाली तक तिरंगा यात्रा निकाली। संजय देव गुर्जर ने बताया कि ढाणी लगरियावाली निवासी सिपाही संजय गुर्जर भारतीय सेना की पांच ग्रेनेडियर में आसाम के लेखापानी में पोस्टिंग तैनात था। एक माह पूर्व ब्रेन हेमरेज की शिकायत होने पर उसे कलकत्ता ले जाया गया, जहां उसके सिर का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान जवान की तबीयत में सुधार नहीं होने पर 24 दिसंबर को दिल्ली के आर्मी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां रविवार की सुबह करीब चार बजे उनका निधन हो गया। जवान संजय गुर्जर की पार्थिव देह देर शाम को खेतड़ी पुलिस थाने में पहुंची, जहां से सम्मान उनकी पार्थिव देह उनके पैतृक गांव ले जाई गई। जवान संजय तीन बहन भाइयों में सबसे बड़ा था, छोटा भाई संदीप भी सेना की तैयारी कर रहा है। जवान के एक बेटी कनिका (8), तनू (5) व बेटा हर्षित तीन साल का है।

इनका विवाह 2015 में मेहाड़ा निवासी ममता के साथ हुआ था। संजय गुर्जर ने 2015 में सेना में सिपाही के पद पर ज्वाइन किया था। जब परिजनों को संजय गुर्जर के निधन की सूचना मिली तो घर में कोहराम सा मच गया। इस दौरान जयपुर से आई मराठा युनिट के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा बेटे हर्षित ने मुखाग्नि देकर उन्हें विदाई दी। इस दौरान युवाओं ने निजामपुर मोड़ से राजोता ग्राम पंचायत की लगरिया वाली ढाणी तक तिरंगा रैली निकाली।

इस मौके पर सुबेदार दीपक कुमार, पूनम धर्मपाल गुर्जर, महेंद्र छावडी, पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, गोपीराम सरपंच, पूर्व प्रधान मदनलाल, उम्मेद सिंह चिरानी, उप जिला प्रमुख सतवीर गुर्जर, पूर्व उपप्रधान अमरसिंह गुर्जर, रामनिवास लादी, तहसीलदार सुनील कुमार, रामपाल कसाणा, धर्मवीर दुधवा, कोच रतिराम डूमोली, सुबेदार जयकरण डांगी, सुबेदार रामेश्वर बीलवा, हवलदार सुमेर सिंह, बलराम सिंह तिहाड़ा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, 2 घायल

**डूंगरपुर।** दोवडा थाना क्षेत्र के देवसोमनाथ गांव के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने सडक किनारें बाइक लेकर खडे 3 युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहींए 2 युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है। दोवडा थाने के एएसआई वल्लभ पाटीदार ने बताया कि सवगढ निवासी कचरा अहारी ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा हिमांशु अहारी अपने चचेरे भाई हाकर चंद और अपने दोस्त पप्पू रोत के साथ बाइक लेकर देवसोमनाथ गांव के पास सडक के किनारे खडा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार ईको कार आई और तीनों को टक्कर मार दी।

# 813वां सालाना उर्स : आज संदल उतरेगा, कल खुलेगा जन्नती दरवाजा

**अजमेर, (कासं)।** 28 दिसंबर को दरगाह के बुलंद दरवाजे पर गौरी परिवार द्वारा अदा की गई झंडा रस्म के साथ ही 813 वें उर्स की औचारिक शुरुआत हो गई। 29 तारीख यानि 1 जनवरी तडके 4 बजे जन्नती दरवाजा खोला जाएगा। उर्स में शिरकत के लिए जायरीन की आवक अजमेर आना शुरू हो गई है। परंपरा के मुताबिक इस्लामी कैलेंडर के जमादिउस्सानी महीने की 29 तारीख यानी चांद रात को तडके 4 बजे जन्नती दरवाजा खोल दिया जाता है।

**आज उतरेगा संदल :-** 813वें उर्स के मौके पर 28 तारीख यानि 31 दिसम्बर रात को गरीब नवाज की मजार से संदल उतारा जाएगा और उर्स में आने वाले जायरीन को तबर्रुक के रूप में वितरित करेंगे। मंगलवार को चांद की 28 तारीख है। इसलिए शाम साढ़े सात बजे होने वाली खिदमत के दौरान ख्वाजा साहब की मजार पर सालभर पेश होने वाला संदल



दरगाह परिसर में उमड़ने लगी जायरीन की भीड़।

गुलाबजल व केवड़ा जल के जरिए उतारा जाएगा। इसके बाद मजार पर इत्र आदि पेशकर पुन: नये सिरे से संदल पेश करने की रस्म अदा होगी। रोजाना खिदमत के समय अंजुमन व दरगाह कमेटी के द्वारा निर्धारित मात्रा में और जायरीन अपनी स्वेच्छानुसार संदल पेश करते हैं। खिदमत के समय संदल उतारने की रस्म में प्रत्येक खादिम परिवार का एक-एक सदस्य उपस्थित होगा और सभी खादिम उर्स में आने वाले प्रत्येक जायरीन को संदल का पानी तबर्रुक के रुप में बाटेंगे। खुद्दाम ए ख्वाजा ये रस्म अदा करेंगे। उर्स की छडियां लेकर दिल्ली से पैदल आ रहे कलंदर व मलंग भी आज अजमेर पहुंचना शुरू हो जाएंगे।

**बॉलीवुड की 2 जनवरी को होगी पेश :-** दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने बताया कि 2 जनवरी को बॉलीवुड की ओर से बॉलीवुड कलाकारों की मौजूदगी में चादर पेश की जाएगी और बॉलीवुड कलाकारों की सलामती के लिए विशेष दुआ मांगी जाएगी। बॉलीवुड की चादर दरगाह के निजाम गेट से जुलूस के रूप में शुरू होकर गरीब नवाज की बारगा जाएगी और बॉलीवुड कलाकारों के लिए दुआ माना जाएगा।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरमाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org
क्रमांक:- राजस्व/2024-25/91 दिनांक:- 26.12.24
**निविदा सूचना**
नगर निगम उदयपुर द्वारा वाहन पार्किंग स्थल "**हाथीपोल सब्जीमंडी पार्किंग**" पर 2 वर्ष की अवधि के लिए वाहन पार्किंग कार्य हेतु सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तो की सूचना वेबसाईट https://sppp.Rajasthan.gov.in व www.udaipurmc.org पर उपलब्ध है। निविदा की प्रारंभ तिथि 30.12.2024 अन्तिम तिथि 08.01.25 तथा खुलने की तिथि 09.01.25 है।
UBN No.- UNP2425SSOB00161
राज.संवाद/सी/24/9717 आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर

# रीट परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स से निपटने के लिए इस बार बायोमैट्रिक अनिवार्य

## फरवरी में संभावित रीट परीक्षा की तैयारियों पर शिक्षा विभाग का मंथन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में सोमवार को रीट 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई, जिसमें फरवरी में संभावित रीट परीक्षा को लेकर आगामी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

शिक्षा संकुल परिसर में आयोजित इस बैठक में बैठक में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, परीक्षा संचालन के लिए वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति, नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, परीक्षा केंद्र का रूट चार्ट बनाने और 7. पेपर लीक जैसी घटनाओं से सख्ती से निपटने पर चर्चा हुई।

शिक्षा सचिव ने सभी जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारियों से 5 जनवरी तक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महेश चंद्र शर्मा, चेयरमैन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने सभी जिलों को शीघ्र अतिशीघ्र परीक्षा संचालन समिति का गठन करने के निर्देश दिए। बैठक में सीताराम जाट, निदेशक प्रा.शिक्षा के अलावा, सभी जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक व प्राथमिक) सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से मौजूद रहे।



**स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में सोमवार को रीट 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई।**

- **परीक्षा में करीब 15 से 20 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने का अनुमान**
- **परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की तय समय से एक घंटे पहले होगी एंट्री**
- **ब्लैकलिस्टेड कर्मचारियों और परीक्षा केन्द्रों को इस बार शामिल नहीं करेंगे**

शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि रीट परीक्षा में 15 से 20 लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। इसके लिए जिला अधिकारी 5 जनवरी तक सभी नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के साथ साथ परीक्षा केंद्रों का निर्धारण सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों में केवल राजकीय विद्यालय और राजकीय महाविद्यालयों को वरीयता दी जाए। सभी जिलों को रीट परीक्षा के लिए फील्ड सुपरवाइजर, वीक्षक, जोनल अधिकारी आदि की नियुक्त करने की हिदायत भी दी गयी है।

शिक्षा सचिव ने पेपर लीक एवं डमी कैंडिडेट जैसी घटनाओं से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रीट परीक्षा के लिए बायोमैट्रिक अनिवार्य होगा। सुरक्षा के लिए प्रति सेंटर दो पुरूष एवं दो महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जानी है। परीक्षा के प्रश्न पत्र जिला कोषागार में रखा जाना निर्धारित है, जिसके लिए वरिष्ठ आरएएस को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। सुरक्षा के लिए जिला कलेक्टर एवं एसपी को इन्चार्ज बनाया जाना है। रीट परीक्षा से जुड़ी प्रत्येक हर गतिविधियों की वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी लगाए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

ब्लैक लिस्टेड कर्मचारियों की नियुक्ति परीक्षा केंद्रों पर नहीं की जाएगी। ब्लैक लिस्टेड परीक्षा केंद्रों को भी इससे बाहर रखा गया है। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से एक घंटा पहले पहुंचना जरूरी होगा। मोबाइल, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की एंट्री बंद रहेगी। शिक्षा सचिव ने सभी अधिकारियों को डे-टू-डे का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के नव निर्मित जिलों को लेकर नोटिफिकेशन अलग से जारी जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दी सांत्वना

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दो दिवसीय पाली, सिरोही और गुजरात प्रवास पर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के परिजनों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की।

उन्होने माउंट आबू नगर पालिका के अध्यक्ष और पूर्व जिला महामंत्री स्व. जालमगिरी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। राठौड़ ने जालमगिरी की तस्वीर पर पुष्पांजंलि अर्पित की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिरोही समाजसेवी तारा राम माली के निधन पर उनके आवास भी पहुंचे और उनके परिजनों के साथ मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की। राठौड़ ने पिंडवाडा प्रधान नितिन बंसल के स्वरूपगंज स्थित आवास पर पहुंचे और स्व बाबू भाई बंसल के निधन पर शोक प्रकट किया।

इसके बाद माउंट आबू में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिण सदस्य नरपत चारण के आवास पर पहुंचकर उनके पिता स्व. लालूदान चारण के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की। मदन राठौड़ सुमेरपुर के भाजपा नेता कृपाशंकर के पुत्र सत्येंद्र की धर्म पत्नी के निधन पर उनके आवास पहुँचकर उनके परिजनो को सांत्वना प्रदान की।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए किए जाएंगे हर संभव प्रयास : जितेन्द्र सोनी

- **जयपुर जिले में इमरजेंसी मेडिकल प्लान तैयार किया जाएगा, सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे : सोनी**
- **कलेक्टर ने एक्सीडेंट फ्री सड़क चिन्हित करने और उसे विकसित करने के निर्देश दिये**

**जयपुर।** जयपुर कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाए जाएं। डॉ. सोनी ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक के दौरान यह बात कही।

उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाइओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले में एक्सीडेंट फ्री सड़क को चिन्हित एवं विकसित करने के भी निर्देश दिये ताकि उन्हें आदर्श सड़क के रूप में पहचान दिलाकर अन्य सड़कों एवं राजमार्गों पर भी सुगम यातायात एवं दुर्घटना रोका जाना सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने जयपुर जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर भारत सरकार के नये नोटिफिकेशन के अनुसार स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगाने, राजमार्गों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निवारण करने एवं जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग सहित रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लघनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सडक विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग करने, रूट उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने, टोल नाके पर शराब या नशा कर के चलाने वाले वाहन चालकों को पकडने तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगा कर सर्दी में फोग से सेफ्टी के उपाय करने आदि पर भी चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस आयुक्त यातायात, पुलिस आयुक्त पश्चिम, अतिरिक्त जिला कलक्टर(पूर्व), श्री देवेन्द्र कुमार जैन सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और मुस्कान फाउंडेशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन किया



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार शाम को जवाहर कला केंद्र में सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में स्टॉल्स का अवलोकन किया।**

- **महिला स्वयं सहायता समूह राष्ट्र के आर्थिक विकास का प्रमुख आधार : हरिभाऊ बागड़े**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े सोमवार शाम को जवाहर कला केंद्र में आयोजित "सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला 2024" पहुंचे। उन्होंने वहां देशभर से आए महिला स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधियों से संवाद किया। मेले में आई देशभर की महिला स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधिमंडल से भी उन्होंने इस दौरान बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह मेला "एक भारत श्रेष्ठ भारत" का अनुपम उदाहरण है।

राज्यपाल बागडे ने मेले में लगे विभिन्न राज्यों के महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद स्टॉल का अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह राष्ट्र के आर्थिक विकास का प्रमुख आधार है। महिला सशक्तिकरण के लिए इस तरह के मेलों को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिला उत्पादों को बड़े स्तर पर बाजार मिलता है। उन्होंने वहां प्रदर्शित भारत के विभिन्न प्रांतों के हस्तशिल्प, कारीगरी, वस्त्र उत्पादों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। राज्यपाल को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) के भास्कर सांवत ने उनकी अगवानी की। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने विभिन्न स्टॉल और उत्पादों के बारे में बताया।



**बीते तीन दिन से प्रदेश में जारी शीतलहर और खराब मौसम के बाद सोमवार को दिन में धूप खिली, लेकिन धूप में तेजी नहीं होने के कारण ठंड तेज रही। राजधानी जयपुर में सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, इस कारण दृश्यता मात्र 30 मीटर रही। कोहरे व धुंध के कारण सुबह शहर में निकले लोगों को अपने वाहनों की लाइटें जलानी पड़ी, लेकिन वे भी बेअसर सी लगती नज़र आई।**

**फोटो-राष्ट्रदूत**

# समायोजित शिक्षा कर्मियों के लिए वर्ष 2025 से हो सकता है "नई पेंशन" का सफाया

**जयपुर।** राजस्थान सेवानिवृत शिक्षक-कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 2011 में समायोजित शिक्षा कर्मियों की सेवा निवृत पश्चात वेदना व पीड़ा के निराकरण के लिए "स्मरण संदेश" भेजा है जिसमें समायोजन तिथि के स्थान पर अनुदानित संस्था की नियुक्ति तिथि को ही मानते हुए पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देकर नव वर्ष में "ब्रेकर बनी" नई पेंशन स्कीम का साया समायोजित शिक्षा कर्मी जगत से समाप्त हो सके, जिससे जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्ग शिक्षा कर्मी अपने आप को ठगा हुआ महसूस न करे।

मंच के मुख्य संचालक विजय उपाध्याय ने आर.वी.आर ई एस नियम 2010 के अंतर्गत समायोजित कार्मिकों को उनकी नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन दिए जाने के मामले में "कार्मिकों के डेटा" शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वित्त विभाग द्वारा गत चार माह से संकलित करने की प्रक्रिया जारी हैं। मंच के मुख्य संचालक विजय उपाध्याय एवं संचालक डीपी ओझा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि संदेश में यह भी वर्णित है 2011 में समायोजन पश्चात राज्य की अनेकों शिक्षण संस्थाएं बंद हो चुकी है एवं निजी संस्थानों में कर्मचारी संबंधी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है तथा उनके द्वारा कर्मचारियों को पीएफ राशि का भुगतान भी नहीं किया गया हैं जिसके अभाव में राज्य के समस्त कर्मचारियों का "डेटा संकलन" होना मुश्किल सा लगता है। ऐसी संस्थाओं के कर्मचारियों को नगण्य मानते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए आग्रह किया हैं।

## 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने निजी खातेदी की करीब 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन 8 में सांगानेर स्थित कूतरो की ढाणी में 2 बीघा कृषि भूमि पर तथा जोन-6 स्थित ग्राम नांगल का जैसा बोहरा (निवारू रोड) पर करीब 9 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए ग्रेवल-मिट्टी की रोड, अवैध बाउंड्रीवाल समेत कई तरह के निर्माण कर लिए गए थे।

इसकी सूचना मिलते ही सोमवार को टीम ने दोनों जगह पर कार्रवाई करके अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। इन कॉलोनियों को बसाने के लिए काश्तकारों ने जे.डी.ए. प्रशासन से ना तो कोई निर्माण स्वीकृति ली और ना ही कृषि भूमि का रूपांतरण कराया।

# मुरलीपुरा में सूने मकान से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चोरी

**जयपुर।** मुरलीपुरा इलाके में सूने मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वारदात के समय परिवार के सदस्य गांव गए हुए थे। इस संबंध में थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा के सोनी का बाग निवासी विशाल पारीक ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी दादी का स्वर्गवास होने पर 26 दिसम्बर को वह परिवार सहित अपने गांव सिंगोद कलां गए था। पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से सूने मकान को निशाना बनाया और लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी के लॉक को तोडकर तीस हजार रुपए के साथ ही गहनों में सोने के झुमर, चार अंगूठी, चार चूड़ी, एक रखड़ी, कानों का सैट, दो कड़े, दो जोडी कानों की बाली, चार जोड़ी चांदी की पायजेब, चांदी के सिक्के, बर्तन, आंवला चोरी कर ले गए। रविवार को वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चला।

## निगम आयुक्त ने की सफाई व्यवस्था पर चर्चा

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने वार्डो में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बाजारों में सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि राजधानी जयपुर में नववर्ष का उत्सव मनाने के लिए देशी-विदेशी पावणे आए हुए हैं, इन सैलानियों को सफाई अथवा नगर निगम की ओर से मुहैया करवायी जाने वाली किसी भी सुविधा के लिए परेशान नहीं होना पड़े।



**भाजपा के हरियाणा प्रभारी और राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सोमवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को सिरसा जिले में तेजा खेड़ा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। सतीश पूनियां ने कहा कि, चौधरी ओमप्रकाश चौटाला किसान, गरीब, और मजदूरों की बुलंद एवं मुखर आवाज थे। उन्होंने समाज एवं राजनीति में किसानों के मसीहा पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की विरासत को आगे बढ़ाया और हरियाणा के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान था।**

# राजस्थान में खनिज खोज कार्य का 5 साल का मास्टर प्लान बनेगा : टी. रविकांत

## 'मिनरल डिपोजिट और गुणवत्ता के बेहतर आंकलन से रोजगार व राजस्व में बढ़ोतरी होगी'

**जयपुर।** राजस्थान में खनिज खोज कार्य का पांच साल का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बताया कि इससे प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा के एक्सप्लोरेषन कार्य में तेजी आएगी और एक्सप्लोरेशन से खनिजों के डिपोजिट, गुणवत्ता और उपलब्धता का समय पर आंकलन होने से खनिज ब्लॉकों की समय पर और कारगर तरीके से नीलामी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि योजनावद्ध प्रयासों से ही राजस्थान केवल एक साल में ही मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी से देश में शीर्ष पर आ गया है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त सोमवार को खनिज भवन में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि आरएसएमईटी को राज्य के मिनरल एक्सप्लोरेशन के पांच साल का मास्टर प्लान शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा संपन्न प्रदेश है और एक्सप्लोरेशन का मास्टर प्लान बनने से योजनाबद्ध तरीके से खनिज ब्लॉकों की नीलामी, खनन और दोहन का कार्य हो सकेगा और इससे प्रदेश में रोजगार और राजस्व के अवसर बढ़ सकेंगे।



**खनन विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त सोमवार को खनिज भवन में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की बैठक ली।**

रविकान्त ने कहा कि राज्य में मिनरल एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही केन्द्र व राज्य सरकार की संस्थाएं परस्पर सहयोग व समन्वय से एक्सप्लोरेशन कार्य को गति दे और कार्यों में डूप्लिकेसी से बचा जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन कार्य में लगी संस्थाओं की भागीदारी भी तय की जाएगी।

रविकान्त ने मास्टर प्लान सहित प्रदेश की खनिज संपदा से संबंधित सामग्री को पब्लिक प्लेटफार्म में रखा जाए ताकि पारदर्शिता के साथ ही प्रदेश के माइनिंग सेक्टर में अधिक साधन संपन्न और तकनीकी दृष्टि से सशक्त प्रतिभागी आगे आ सकेंगे और इससे प्रदेश को माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी से लेकर खनन तक बेहतर राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा और वैज्ञानिक ढंग से खनन होने से जीरो लॉस खनन हो सकेगा। उन्होंने आरएसएमईटी की तकनीकी सलाहकार समिति को और अधिक सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि कार्य में गुणवत्ता

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में नवीनतम तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है ताकि मिनरल की उपलब्धता और गुणवत्ता के आधार पर नीलामी में बेहतर राजस्व प्राप्त हो सके।

आरएसएमईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि आरएसएमईटी द्वारा प्रदेश में एक्सप्लोरेशन से लेकर ड्रिलिंग, सेंपल एनालीसिस और विभागीय लेब के सशक्तिकरण के साथ ही तकनीकी रुप से विभागीय टीम को संसाधन उपलब्ध कराकर सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार कर उपलब्ध कराए गए हैं। जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के हरीश मिस्त्री, एमईसीएल के आशीष सिंह आदि ने भी सुझाव दिए।

बैठक में संयुक्त सचिव आशु चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी आलोक प्रकाश जैन, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा के साथ ही वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा, एसजी नितिन चौधरी, मनीष माथुर व जीएसआई, एमईसीएल, आईबीएम, आरएसएमएम आदि सदस्य संस्थाओं के प्रतिनिधियां ने हिस्सा लिया।

## सार-समाचार

### मडगांव में नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**भीनमाल, (निसं)।** ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र व आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल जालोर के तत्वावधान में एवं आरआरआईएल फाउण्डेशन के सौजन्य से नव वर्ष के उपलक्ष में बुधवार को 130 वाँ विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन रानीवाडा काबा के मडगांव स्थित रिसोर्ट में किया जाऐगा। उक्त शिविर का आयोजन मातुश्री पारूबाई देशमल सालेचा की पुण्य स्मृति में रतनचन्द देशमल सालेचा, मोदरान-मुम्बई के सौजन्य से करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया आरआरआइएल हेरिटेज सिटी सुरीयाली नाडी रानीवाडा काबा मडगांव मोदरान एवं बाकरा गांव के मध्य आंखो का विशाल नि:शुल्क कैम्प बुधवार को प्रात- दस बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जायेगा। ब्रह्माकुमारी राज योग केन्द्र प्रभारी गीता बहन ने बताया कि शिविर में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार सभी मरीजों के आँखों की जांच नि:शुल्क की जाएगी। जिन मरीजों को ऑपरेशन करवाना है, वह अपनी तैयारी के साथ आवें तथा अपना आधार कार्ड साथ लेकर आवें। मरीजों का अत्याधुनिक पद्धति से बिना टांके का ऑपरेशन (मोतियाबिन्द) कर लैंस प्रत्यारोपण फ्री किया जायेगा। मरीजों का ऑपरेशन ग्लोबल नैत्र अस्पताल जालोर में प्रसिद्ध फेको सर्जन एवं वरिष्ठ नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश बिश्नोई एमएस नैत्र सर्जन (मोतियाबिन्द फेको लेजर विशेषज्ञ) द्वारा किया जायेगा। शिविर आयोजक रतनचंद सालेचा ने बताया कि सभी मानव सेवा के इस पुनीत कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को देवें तथा शिविर में आने के लिए प्रेरित करें।

### धुंधलेश्वर महादेव मंदिर में भीड़ उमड़ी

**धोरीमना, (कासं)।** कस्बे के पहाड की चोटी पर स्थित स्थानीय धुंधलेश्वर महादेव मंदिर में भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा। पहाड़ की चोटी से कस्बे की ओर निहारने पर ऐसा लगा रहा था कि श्रद्धालुओं का समुन्द्र उमड़ आया हो। कई किमी लम्बी कतारें लगी। सुबह से सायं तक कस्बे की गलियों में संख्या में भीड भाड रही।। इस मेले का पांच घडियां पौष माह अमावस्या सोमवार व्यतिपात योग व मूल नक्षत्र को यहां के धुंधलेश्वर झरने के जल से स्नान अति पवित्र माना गया है और पापों को नष्ट करने वाला माना गया है। झरने का पवित्र जल श्रद्धालु अपने घर ले जाकर खेत खलिहान, जल स्त्रोत, जलाशयों आदि में छिड़काव करते है। रेत के धोरे व पहाड़ में से दुर्गम संकरा रास्ता होने के बावजूद पहाड़ी की मध्य चोटी पर स्थित इस अति प्राचीन मंदिर के प्रति क्षेत्र की जनता की विशेष श्रद्धा है। इसलिये माता बहिन बडे बुजुर्ग युवा हजारों की संख्या में दूर दराज क्षेत्र से पहुंचे। इस मेले की सुईयां मेले के बराबर महत्ता है। प्रात: कालीन ब्रह्म वेला में स्नान के साथ हवन व महाआरती से दर्शन शुरू हुये। पूर्व संध्या रात्रि जागरण में स्थानीय भजन कलाकारों ने महादेव के भजनो की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मंदिर में व्यवस्था की दृष्टि से माजीसा मंदिर धा बावजी धाम के गादीपति बाबूलाल पुंगलिया द्वारा 101 जोडी रजाई बिस्तर और तकिया भेंट किये गये। लूणाराम माली परिवार द्वारा महाप्रसादी वितरित की गई।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**भीनमाल, (निसं)।** भीनमाल शहर के रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको संगठन का स्नेह मिलन समारोह रीको व्यापार संघ के अध्यक्ष सोमाराम माली की अध्यक्षता में रविवार की शाम को आयोजित हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों - व्यापारियों के बीच रीको की मूलभूत समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। स्नेह मिलन समारोह में तहसीलदार नीरज कुमारी ने कहा कि स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने से व्यापारियों में भाईचारा व एकता बढ़ती है। भाजपा प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने कहा कि रीको में इकाइयां लगातार बढती जा रही है लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यापारियों को अभी भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर ओमप्रकाश माहेश्वरी, पारस मोदी, सोमाराम माली, नवल किशोर राठी, अर्जुनसिंह भूतैल, जोरावर सिंह राव, महादेवा राम घांची, शंकरलाल महेश्वरी, डिस्कॉम अधिशाषी अभियंता भरत देवडा, पुलिस निरीक्षक रामेश्वरलाल भाटी, नायब तहसीलदार मीङ्गालाल जोशी, माणकमल भंडारी, जयंतीलाल घांची, नरेश सुखाडयि, भरतसिंह भोजाणी, विक्रमसिंह आर्य, सांवलाराम परमार, दाडमाराम देवासी, जोगाराम चौधरी, सुरेशकुमार चौधरी, शोभापुरी गोस्वामी, रमेश राठी, सीए प्रवीण परिहार, किशोर सांखला, पंकज माली सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### पोकरण विधायक ने सी.एम. के समक्ष रखी मांग

**पोकरण, (कासं) ।** जयपुर मुख्यमंत्री आवास पर रविवार को जोधपुर संभाग के भाजपा विधायकों की आयोजित बैठक में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष कई मांगे रखी। विधायक महंत ने कई विभागों के कार्यालय स्वीकृत करने, नई सड़कें, उप स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने, नए विद्यालय खोलने, विद्यालय क्रमोन्नत, महाविद्यालयों में संकाय खोलने व रिक्त पद भरने, भवन विहीन कार्यालयों के भवन निर्माण,बिजली के लंबित किसानों को समय पर कनेक्शन देने, पोकरण मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर का पद स्वीकृत करवाना, सांकडा को तहसील में क्रमोन्नत, राजमथाई में नवीन कृषि मंडी, पोकरण शहर में टाउन हॉल बनाने, शहर में अटल परमाणु परीक्षण संग्रहालय (म्यूजियम) बनाने, स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने, पोकरण शहर में एनएम व जीएनएम का प्रशिक्षण केंद्र खोलने, ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के जल स्त्रोत बनाने के लिए विशेष आग्रह किया। उन्होंने सभी मांगे लिखित में मुख्यमंत्री को सौंप बजट में विशेष प्रावधान करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने विधायक को इनकी स्वीकृति के लिए आश्वास्त किया।

### पौष्टिक पशु आहार बांटा

**सायला, (निसं)।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के जन्मदिन पर सोमवार को नगर की गोशालाओं में गौवंश के लिए शुद्ध पौष्टिक आहार के बेग वितरित किए गए। सायला मंडल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित ने बताया कि गोभक्त एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की ओर से जिले के विभिन्न गांवों की गोशालाओं में गौवंश के लिए शुद्ध पौष्टिक आहार के बेग भेजे गए थे। जिनका जिलाध्यक्ष राव के जन्मदिन पर सायला के कात्यायनी माता गौशाला, राधाकृष्णा गोशाला एवं राधाकृष्ण राजेश्वर गोशाला में वितरण किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष राव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। इस दौरान सोनाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष मंगलसिंह, जतीन राजपुरोहित, प्रकाश चौधरी, भोपसिंह राजपुरोहित, जबरसिंह राजपुरोहित, जूठाराम काग, जबरसिंह, रूपाराम सुथार, मांगीलाल चौधरी, रूपाराम चौधरी, ह?मतसिंह राजपुरोहित, लाखाराम देवासी, प्रभुराम देवासी, गटाराम सैन, जबराराम प्रजापत, पदमाराम प्रजापत समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आदर्श गौशाला में गौ-ग्रास अर्पित किया

**जालोर, (कासं)।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव के जन्मोत्सव को लेकर मनाए जा रहे सेवा पखवाडे के तहत आज आदर्श गौशाला में गो माता के लिए पशु आहार अर्पित किया। गौ माता के लिए जिले की कई गौशालाओ में गौग्रास अर्पित किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी,ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, जिलामंत्री सुशीला सैन,भूरसिंह,आईटी जिला सह संयोजक अचलसिंह परिहार, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहत,परमवीर सिंह भाटी,पहा?सिंह राव, मेथी देवी,राजेन्द्र टाक, महेश भट्ट,हेमेंद्रसिंह बगेडिया, हीराराम देवासी, इंद्रमल गर्ग, धीरज सुंदेशा सहित कई जने उपस्थित थे।

### विश्व बहिराणा साहिब दिवस कल

**जोधपुर, (कासं)।** सोजती गेट के अंदर झूलेलाल मंदिर में एक जनवरी को चंद्र दर्शन के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा विश्व बहिराणा साहब दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष भगवान मुरझानी व सचिव रामचन्द चांदवानी ने बताया कि बुधवार को शाम छह बजे इष्टदेव भगवान झूलेलाल का पूज्य बहिराणा साहब एवं झूलण स्तुति बाबा नारूमल मंडली द्वारा बाबा जयराम दास के सान्निध्य में होगी। धार्मिक भजनों का रंगारंग कार्यक्रम होगा। नववर्ष कैलेंडर का विमोचन व सिंधी समाज का नव वर्ष स्नेह मिलन भी होगा। रात आठ बजे पल्लव अरदास की रस्म के साथ समापन व प्रीतिभोज का आयोजन होगा।

### गौ सेवा समिति ने ज्ञापन दिया

**पाली, (नि.सं.)।** राजस्थान को सेवा समिति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि गौ माता को राज्य माता घोषित किया जावे। पंजीकृत गौशालाओं में सुरक्षित गोवंश को वर्ष पर्यंत अर्थात 12 माह के लिए सहायता राशि प्रदान करना एवं प्रदेश में घोषित गोचर, चरागाह,वन, पहाड़ों की भूमियों को गोवंश के चरने विचरने के लिए सुरक्षित रखने की कार्रवाई की जावे।

# जानिसार क्लब व जुंजाणी के बीच क्रिकेट का फाइनल आज

**जालोर, (कासं)।** जालोर मुस्लिम समाज क्रिकेट व बालीवाल प्रतियोगिता के छठे दिन सोमवार को क्रिकेट व बॉलीवाल के सेमीफाइनल मैच खेले गये । मंगलवार को क्रिकेट का फाईनल मेच जानिसर ग्रुप और जुंजाणी क्लब के बीच खेला जायेगा।

आयोजक नाहिद अली व अफरोज खान ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर मुकाबला रजा क्लब और के.जी.एन कोलर के बीच खेला गया। जिसमें केजीएन कोलर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाए। अकबर मेहर ने सर्वाधिक 20 रन का योगदान दिया। रजा क्लब की ओर से रमजान मेहर ने 3 विकेट लिए और कप्तान हनीफ शाह ने 30 रन का योगदान देकर अपनी टीम को विजय दिलाई। दूसरा मैच जुंजाणी और सनशाइन क्लब के बीच खेला गया। जुंजाणी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाए। जिसमें नदीम नायक ने 93 रन और फैजान नायक ने 46 रन का योगदान दिया। सनशाइन की पूरी टीम 87 रन ही बना सकी। जिसमें आमिर मेहर ने 31 रन व जुनेद शेख ने 23 रनों का योगदान दिया। जुंजाणी ने यह मैच 93 रन से जीता। प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच जानिसार क्लब और कोलर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें जानिसार क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 105 रन बनाएं । जिसमें नाहिद अली ने 38 रन व शारिक बिलाल ने 25 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। कोलर इलेवन की ओर से ईरान मेहर ने सर्वाधिक दो विकेट लिए जवाब में कोलर इलेवन 80 रन ही बना सकी। जिसमें ताज मोहम्मद ने 14 और फिरोज खान ने 14 रन बनाये। जानिसार की ओर से सारिक बिलाल ने तीन विकेट और इमरान खान ने दो विकेट लिये। इस तरह जानिसार क्लब 25 रनों से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।



जालोर में मुस्लिम क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जानिसार ग्रुप की टीम ने प्रवेश किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच जुंजाणी क्लब और रजा खेजरला क्लब के बीच खेला गया। जिसमें जुंजाणी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रन बनाये। फैजान नायक ने 44 परवेज ने 32 रन बनाए। खेजरला क्लब की ओर से रमजान ने दो विकेट और केसर मेहर ने दो विकेट हासिल किये। जवाब में खेजरला की टीम 81 रन ही बना सकी। इसमें केसर खालिद ने 24 रनों का योगदान दिया। जुंजाणी क्लब ने 33 रनों से यह मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल जुंजाणी क्लब और जानिसार क्लब के बीच खेला जाएगा।

दूसरी तरफ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच जानिसार क्लब और बिस्मिल्लाह क्लब के बीच खेला गया। जानिसार क्लब ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।

सैयद गुलजार अली, फिरोज अली, अल्ताफ अली, मुस्ताक मेहर, शाहरुख मेहर,आसिफ खोखर, अख्तर खान, शराफत अली, शाहनवाज खान, असलम खान पीटीआई, नौशाद खान, लक्ष्मीकांत दवे,अशोक शर्मा, दिनेश जांगिड, जबरू खान पठान, भवरु खान पठान ,बरकत खान मेंहर, सागर मेहर, जुगल दवे, इरफान शाह, अब्दुल मजीद, नदीम, रियाज, अफरोज मंडोरी और नाहिद अली सहित खेल प्रेमी मौजूद थे।

# 35 लीटर गर्म दूध के बर्तन में बच्ची गिरी, बांगड़ अस्पताल में इलाज जारी

**पाली, (नि.सं.)।** नौ साल की बच्ची मिठाई की दुकान में रखे 35 लीटर गर्म दूध के बर्तन में जा गिरी। ब्घटना रविवार रात करीब 9 बजे हुई। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

कीर्ति खेल-खेल में उल्टे पैर चलते हुए रसोई की तरफ आई। जैसे ही वह भगोने के पास पहुंची, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पीठ के बल गर्म दूध के भगोने में जा गिरी। मैं उसे निकालने के लिए उठा, इससे पहले दौड़कर आए मेरे बेटे नरेश ने कीर्ति को भगोने से निकाल लिया। उस वक्त नरेश बाहर से आकर दुकान में घुसा ही था।

### उल्टे पैर चलकर आई, भगोने में गिरी

जानकारी के अनुसार कोट बालियान गांव निवासी नारायण लाल प्रजापत के बेटे नरेश और प्रदीप मिठाई की दुकान चलते हैं। मकान के सामने के हिस्से में दुकान अटैच है। तीसरे बेटे सुरेश की बेटी कीर्ति (9) दुकान में खेल रही थी। परिजन काम में जुटे थे। इस दौरान घटना हो गई।

बच्ची के दादा नारायण ने बताया- दही जमाने के लिए एक बड़े बर्तन (भगोना) में 35 लीटर दूध गर्म करके दुकान में ओपन किचन में जमीन पर रखा था। भगोना ढका हुआ नहीं था। उस वक्त मैं और मेरी पत्नी चंपा वहीं रसोई में बैठे बातें कर रहे थे। कीर्ति की मां सीता मकान के फर्स्ट फ्लोर पर घरेलू काम कर रही थी।

दर्द से कीर्ति चीखने चिल्लाने लगी। हम कीर्ति को तुरंत बाली हॉस्पिटल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पाली रेफर कर दिया गया। बांगड़ हॉस्पिटल के खेतेश्वर वार्ड में कीर्ति का उपचार चल रहा है।

### पिता जालोर में करते हैं नौकरी

नारायण लाल ने बताया कि कीर्ति दूसरी क्लास में पढ़ती है। उसके पिता सुरेश कुमार प्रजापत जालोर में एक कम्पनी में सेल्समैन का काम करते हैं। सुरेश के दो बच्चे है।

कीर्ति बड़ी बेटी है, छोटा बेटा दुष्यंत है। घटना की जानकारी मिलने पर सुरेश जालोर से पाली के लिए रवाना हो गया था।

# हिंदू बताकर शनि मंदिर के नाम पर रशीदें काट रहे दो भाई पुलिस ने पकड़े

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के कुड़ी भगतासनी सेक्टर 9 में हंगामा हुआ। लोगों ने दो भाईयों को पकड़ा था और ये लोग खुद को हिन्दू बताकर शनि मंदिर के नाम पर फर्जी रशीदें काट रहे थे। क्षेत्र में काफी हंगामें के बाद लोगों ने युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर अग्रिम पूछताछ आरंभिक की है। इनके द्वारा टायर चुराने का भी संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से इनकी पहचान की जा रही है।

कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9/685 निवासी संजय पुत्र हरीशचंद्र भाज्यानी की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

इसमें बताया कि रविवार की सुबह वह क्षेत्र में हंगामा होने पर घटनास्थल पर पहुंचा था। तब पता लगा कि लोगों ने दो युवकों को पकड़ कर रखा है, जोकि खुद को हिन्दू बताकर शनि मंदिर के नाम पर फर्जी रशीदें बनाकर काट रहे थे। बाद में युवकों को लोगों ने उनका असली नाम पूछा तो उन्होंने खुद को मोसीन खां और आमिर खां होना बताया था।

इस हंगामें के बीच कुड़ी पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। तब पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों पकड़ कर थाने ले गई। संजय की रिपोर्ट पर दोनों युवकों सरस्वती नगर ओम कॉलोनी निवासी मोसीन खां पुत्र सईद खां और उसके भाई आमिर खां को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ में दो और लोग भी जोकि मौके से भाग गए।

### कार के टायर चोरी का भी संदेह

परिवादी संजय भाज्यनी ने रिपोर्ट में बताया कि 26 नवंबर को उसकी कार के टायर चोरी हो गए थे, जिस बारे में कुड़ी थाने में रिपोर्ट दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज में उक्त दोनों संदिग्ध लग रहे है। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण में जांच आरंभ की है।

# काव्य गोष्ठी में साहित्य की सतरंगी छटा बिखरी



जोधपुर में नूतन साहित्यिक संस्था काव्य कलश के बैनर तले काव्य गोष्ठी संपन्न हुई।

**जोधपुर, (कासं)।** नगर के साहित्यिक पटल पर उभरती हुई नूतन साहित्यिक संस्था काव्य-कलश के बैनर तले एक काव्य-गोष्ठी मनोहर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

नगर के चौदह नवोदित, उदीयमान एवं वरिष्ठ कवियों, शायरों व गीतकारों ने वर्ष के समापन और नव-वर्ष के आगमन में अपरिमित उत्साह और गर्मजोशी से दो घंटे से अधिक समय तक विविध रंग की रचनाओं का जमकर पाठ किया।

गोष्ठी का शुभारंभ श्रीमती राखी पुरोहित की सरस्वती वंदना से हुआ।

संस्थान के सचिव श्याम गुप्ता शांत ने बताया कि गोष्ठी में मनोहर सिंह राठौड़, नामचीन पत्रकार मिश्रीलाल पंवार, वरिष्ठ कवि श्याम गुप्ता शान्त, दिलीप कुमार पुरोहित, अशफाक अहमद फौजदार, वरिष्ठ शायर असरार आहिल, राजेन्द्र खींवसरा, श्रीमती राखी पुरोहित, प्रसिद्ध पर्यावरणविद् प्रदीप शर्मा, दीपा परिहार, हंसराज हंसा, छगन राव, नीलम व्यास स्वयंसिद्धा एवं हर्ष मीणा ने एक से बढ़कर एक उम्दा रचनाओं का पाठ किया। संचालन राजेन्द्र खींवसरा ने किया। अध्यक्ष मनोहर सिंह राठौड़ ने सभी आगंतुक कवियों, कवियित्रियों, शायरों एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देवासी समाज ने रैली निकाली, रोष जताया

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में 12 दिसंबर को चायवाले पर हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज देवासी समाज के लोग सोमवार को एसपी चूराराम जाट से मिले।

उन्होंने आरोप लगाया कि चायवाले पर हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पाई है।

प्रप्त जानकारी के अनुसार देवासी समाज के लोगों ने बताया कि 12 दिसम्बर को पाली शहर के सूरजपोल इलाके में श्रद्धा हॉस्पिटल के पास चाय की थड़ी चलाने वाला प्रभुराम (32) पुत्र बहादुराराम देवासी रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर केशव नगर स्थित अपने घर के लिए रवान हुआ था।

केशव नगर के सैंचूरियन गार्डन रोड पर दो बाइक पर आए चार-पांच युवकों ने प्रभुराम को रोका और बेरहमी से पीटा। इससे उसके हाथ-पैर फैक्चर हो गए। घायल प्रभुराम को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। जहां उसका ऑपरेशन किया गया।

घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट भी दी गई लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे घायल के परिजनों और समाज के लोगों में रोष है। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

# आचार्य महाब्राह्मण समाज क्रिकेट में मोरसीम ए विजेता

**सायला, (निसं)।** शहर के वीराणा रोड स्थित गेर मैदान में अखिल भारतीय आचार्य महाब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता एपीएल - 2024 का सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा के मुख्य आतिथ्य व आचार्य समाज के जिलाध्यक्ष रमेश आचार्य की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक समापन हुआ।

विशिष्ट अतिथि भामाशाह संघवी मांगीलाल फोलामुथा, पूर्व उपसरपंच वि मसिंह दहिया, भवानीसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान, मांगीलाल राजपुरोहित, गौतमचंद कबदी, ताराराम चौधरी, रूपकिशोर अग्रवाल, वस्तुपाल जैन मौजूद रहे।

आयोजन समिति के नन्दुभाई आचार्य ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मोरसीम ए व बाडमेर ए के बीच खेला गया। जिसमें मोरसीम ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ऑवर में पवन कुमार की 21 गेंदों में 44 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 11० रन बनाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी बाड़मेर ए की टीम ने 12 ऑवर में 8 विकेट के नुकसान पर 8० रन ही बनाए। इस प्रकार मोरसीम ए ने यह मुकाबला 3० रनों से जीत लिया। फाइनल में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पवन कुमार को दिया गया। वही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज राजु रोडा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विशेष आचार्य, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जसराज नागौरी व मैन ऑफ द टुर्नामेन्ट लक्ष्मण आचार्य रहे। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेजा टीम को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही निर्णायक की भूमिका ललित गहलोत, पुनमाराम बिश्नोई, नरेश सुथार, विजय राणा एवं स्कोरर की भूमिका कुलदीपसिंह भाटी ने निभाई। इस दौरान मुल्तानमल आचार्य, जोगाराम, परमेश्वर आचार्य, दिनेश सुथार ओटवाला, अशोक राजपुरोहित, अर्जुन आचार्य, जसवंत मेंगलवा, बाबुलाल भीनमाल, पारसमल मोरसीम, फूलचंद, ललित, जीतु, विजय, शिवराज मेंगलवा, नरपत, कमलेश, गणपत, भरत, अनिल, ताराचंद, यश, अशोक, चम्पालाल, जितेन्द्र, राधेश्याम, ध्रुव, राहुल समेत समाजबंधु मौजूद रहे।.

### फंदा लगाकर की खुदकुशी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के नागौरी गेट पुलिस थाना क्षेत्र उदयमंदिर आसन तिलक नगर में रहने वाले एक अधेड़ ने अपने घर में फँदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिनज के सुपुर्द कर दिया।

नागौर गेट थाना पुलिस ने बताया कि उदयमंदिर आसन तिलक नगर में रहने वाले 50 साल के देवदास पुत्र रामदीन वाल्मिकी ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसके भाई पूनमचंद ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

# विभागीय कार्या की समीक्षा की

**पाली, (नि.सं.)।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं, भूमि आवंटन, बिजली, चिकित्सा, सड़क सुरक्षा व जीवन सुरक्षा को लेकर समीक्षा की।

कलक्टर एलएन मंत्री ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही के संबंध में विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जिले में बायोडिजल, गैस इत्यादि की अवैध रिफलिंग करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें रोकने के संबंध में रसद अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने देसूरी उपखण्ड क्षेत्र की देसूरीनाल में सुरक्षा दीवार निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग को ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी चिन्ह लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे विद्यालय में बच्चों को खुले बौरवेल व ट्ययूबवेल से होने वाले दुर्घटनाओं के प्रति लगातार जागरूक किया जाए साथ ही विद्यालय की प्रार्थना सभा में भी बच्चों को इस संबंध में जागरूक करें। उन्होंने बिजली विभाग को ढीलें तारों को दुरूस्त करने एवं बकाया नये कनेक्शनों को जारी करने के निर्देश दिए। राईजिंग राजस्थान के तहत भूमि आवंटन व सीमांकन के बारे में विस्तृत चर्चा की। विभाग वार प्रमुख रूप से पानी, चिकित्सा स्वास्थ्य व शिक्षा आदि कार्यों की समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग भवानसिंह, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठौड़ समेत कई जने मौजूद रहे।

# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 9 जनवरी से, तैयारी शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाला 34 वां पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 राइजिंग राजस्थान और विश्वकर्मा योजना की थीम पर आधारित होगा, वहीं 2025 को लेकर इस बार आर्टिजन और हस्तशिल्पियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है और मेले की लगभग सभी स्टॉल्स बुक हो चुकी है। मेला आयोजन नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मेला संयोजक घनश्याम ओझा ने बताया कि 09 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान उद्योग हारशिल्प उत्सव 2025 को लेकर न केवल जोधपुर बल्कि पूरे मारवाड़ के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

इस मेले में एक ही प्रांगण में सभी प्रकार की उत्पाद मिलते हैं और हस्तशिल्पियों और छोटे-छोटे आर्टिजन को भी अपने उत्पादों की बिक्री का अवसर मिलता है।

ओझा ने बताया कि इस बार हमने प्रयास किया है कि मेले में अधिक से अधिक स्टॉल्स छोटे-छोटे हस्तशिल्पियों ,आर्टिजन और छोटे उद्यिमयों को स्टॉल्स आवंटित की जाए ताकि हर प्रकार के हैंडीक्राफ्ट आइटम एवं हस्त निर्मित उत्पाद इस मेले में उपलब्ध हों सके। लघु उद्योग भारती के जोधपुर प्रांतीय अध्यक्ष और मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया कि मेले की 700 स्टॉल्स की बुकिंग करने के साथ ही कुछ दिनों में ही लगभग सभी स्टॉल्स बुक की जा चुकी है और अभी भी लगातार स्टॉल्स बुकिंग को लेकर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मेले में 20 प्रदेशों के हस्तशिल्पी, आर्टिजन और छोटे उद्यमी अपनी स्टॉल लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला व्यावसायिक दृष्टि से नहीं बल्कि छोटे-छोटे उद्यमी और आर्टिजन को मार्केट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित करवाया जाता है और हमने भी पूरा प्रयास है कि यहां आने वाले प्रत्येक आर्टिजन को बेहतर से बेहतर आय हो सके।मेला संयोजक घनश्याम ओझा ने बताया कि इस बार हस्तशिल्प मेला राइजिंग राजस्थान और विश्वकर्मा योजना पर आधारित होगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए हाल ही में बड़े स्तर पर राइजिंग राजस्थान अभियान की शुरुआत की थी और काफी निवेशकों ने प्रदेश में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई थी, इसी को आगे बढ़ते हुए हस्तशिल्प मेले में भी राइजिंग राजस्थान के तहत उद्यिमयों को राजस्थान प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, वही लघु उद्यमी, आर्टिजन को विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव पूरे राजस्थान का सबसे बड़ा औद्योगिक मेला है और इस मेले में प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग मेला देखने के लिए आते हैं।

मेले में उद्यिमयों के लिए उद्योगों से संबंधित विभिन्न संगोष्ठिया एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। शहर वासियों के लिए विभिन्न वर्गों में कई तरह की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम को भारतीयता के दर्शन को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजित किया जाएगा।

### गौमाता को राज्य माता घोषित करने की मांग

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान गोसेवा समिति के प्रदेश प्रतिनिधि सेवानिवृत्त एसडीएम धनराज चौधरी की अगुवाई में जिला कलेक्टर गौरव अठावाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर प्रदेश में पंजीकृत गौशालाओं की बहु प्रतीक्षित उचित मांगों पर शीघ्र आदेश जारी करने का निवेदन किया गया। समिति के जिला अध्यक्ष हरनारायण सोनी ने बताया कि प्रदेश की गौशालाओं द्वारा लंबे समय से गौमाता को राज्य माता घोषित करने, पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को 12 माह के लिए सहायता राशि प्रदान करने व प्रदेश की गोचर, वन, चारागाह, पहाड़ी क्षेत्र आदि भूमियों को गोवंश के चरने विचरने के लिए सुरक्षित करने की मांग की जा रही है पीड़ित गोवंश के संरक्षण के लिए आवश्यक एवं न्यायोचित भी है।



मुझे नहीं पता कि अंपायर तकनीक का इस्तेमाल कैसे करना चाहते हैं। लेकिन पूरी निष्पक्षता से मुझे लगता है कि उन्होंने गेंद को छुआ था।

- रोहित शर्मा

भारतीय क्रिकेट कप्तान, यशस्वी जायसवाल के विवादित आउट पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मैगनस कार्लसन



फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैगनस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था। पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने के अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** फुटबॉल में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो से लेकर लियोनेल मेसी पुरुषों के फुटबॉल में शीर्ष दो सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोरर हैं।

## एमसीजी पर दर्शक संख्या का 87 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

मेलबर्न, 30 दिसंबर। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूट गया जब भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में कुल दर्शक संख्या 350700 पहुंच गई। चौथे टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन मैदान पर 51371 दर्शक जमा थे जिससे 1937 एशेज श्रृंखला का 350534 दर्शकों का रिकॉर्ड टूट गया जब डॉन ब्रैडमेन अपने कैरियर के चरम पर थे। लंच के बाद दर्शक संख्या 60000 के पार हो गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' पांचवें दिन इस समय दर्शक संख्या 51371 है। अब तक कुल 350700 दर्शक इस टेस्ट के दौरान मौजूद रहे हैं जो अब तक का रिकॉर्ड है। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 1937 में छह दिन के टेस्ट में 350534 दर्शक जुटे थे।' भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैदान में सबसे ज्यादा दर्शकों द्वारा देखा जाने वाला दूसरा टेस्ट है। इससे पहले 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच ईडन गार्डन टेस्ट देखने कुल 465000 दर्शक आये थे। एमसीजी पर पहले दिन 87,242 दर्शक जुटे जबकि दूसरे दिन 85,147, तीसरे दिन 83,073 और चौथे दिन 43,867 दर्शक जमा थे। सोमवार के दिन टिकट दस आस्ट्रेलियाई डॉलर की थी। मेलबर्न क्रिकेट क्लब के प्रमुख स्टुअर्ट फॉक्स ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'' मैने किसी क्रिकेट मैच में ऐसा पहले नहीं देखा। स्टेडियम में पहले दिन से हमारा स्टाफ कह रहा है कि दर्शक कितने खुश थे।

## टाइगर क्लब ने पुरुष वर्ग और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का जीता खिताब

नई दिल्ली, 30 दिसंबर। हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मुकाबलों में टाइगर क्लब ने पुरुष वर्ग और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब जीता। टाइगर क्लब ने छठी राष्ट्रीय हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग के फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2-1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप की चैंपियनशिप जीत ली। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर मास्टर्स महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। अंडर 21 बॉयज ग्रुप के फाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर ने श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब जीता।

## टोंक रोड स्टार्स बने एमपीएल आठवें संस्करण के विजेता



जयपुर, 30 दिसंबर। अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति देवी नगर के तत्वाधान में एमपीएल-2025 में देवी नगर रॉयल्स और टोंक रोड स्टार्स के बीच फाइनल मुकाबला देखने को मिला। आयोजन सचिव भगवान दास मंगल ने बताया कि गणपति नगर स्थिति, रेलवे ग्राउंड जयपुर में आयोजित इस फाइनल मुकाबले में स्टार्स ने रॉयल्स को 8 विकिट से हराया। रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खो कर मात्रा 52 रन ही बना पाए जो स्टार्स ने मात्र 2 विकेट खो कर बना लिये। प्लेयर ऑफ द मैच डिंपल गोयल रहीं जिन्होंने बल्लेबाजी में 30 गेंदो पर 32 रन और गेंदबाजी में 3 विकिट चटकाये। एमपीएल 2025 के प्लेयर ऑफ द सीरीज - डिम्पल गोयल; बेस्ट बॉलर - हंसु अग्रवाल ; बेस्ट बैट्समैन - ज्योति, संगीता सिंघल, बेस्ट फील्डर रूचि अग्रवाल, बेस्ट विकेटकीपर -नमिता गुप्ता व सोनल मंगल रहीं।

## रणवीर सिंह राणावत बने राजस्थान शूटिंग टीम के चीफ डे मिशन

जयपुर, 30 दिसंबर। भोपाल में आयोजित होने वाली 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी शूटिंग प्रतियोगिता में रणवीर सिंह राणावत को राजस्थान शूटिंग टीम का चीफ डे मिशन नियुक्त किया गया है। राणावत के नेतृत्व में 2 मैनेजर, 4 शूटिंग कोच एवं 18 खिलाड़ियों के साथ 28 सदस्यीय दल भोपाल के लिए रवानगी करेगा। रणवीर सिंह राणावत राइफल शूटिंग, तैराकी, एथलेटिक्स के राष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल संघ में पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिताओं में निर्णायक, मैनेजर और प्रशिक्षक की भूमिका के साथ नेशनल गेम्स में भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राणावत की नियुक्ति पर विभिन्न खेल संगठन एवं शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित की।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 से अपराजेय बनाई बढ़त

मेलबर्न, 30 दिसंबर। कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन सोमवार को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से अपराजेय बढ़त बना ली। भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था।

यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (दो) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रूप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई संख्या में



पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (नौ) और केएल राहुल (शून्य) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए।

पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा (दो) आकाश दीप (सात) कप्तान जसप्रीत बुमराह (शून्य) मोहम्मद सिराज (शून्य) पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर (पांच) रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम 79.1 ओवर में 155 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद भारत से बॉक्सिंग डे टेस्ट जीता है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नेथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

इससे पहले आज सुबह के सत्र में दूसरे ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने नेथन लायन (41) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का समापन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 234 रन पर सिमट गई। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाये थे। उसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाये और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन पर समेट दिया था।

## अभी संन्यास का नहीं सोच रहे हैं रोहित शर्मा



मेलबर्न, 30 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट गंवाने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के रिटायरमेंट की खबरें जोरों पर है। मीडिया रिपोर्ट् के मुताबिक रोहित जल्द ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। दावा है कि रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे। सिडनी टेस्ट का आगाज 3 जनवरी से होगा। ये मैच अगर पूरे पांच दिनों तक चला तो 7 जनवरी को रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का आखिरी दिन हो सकता है।बीसीसीआई और चयनकर्ता रोहित शर्मा के संन्यास की बातें करने लगे हैं। लेकिन टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सेलेक्टर्स को मनाने में जुटे हैं। रोहित शर्मा दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना चाहते हैं अगर टीम इंडिया पहुंची तो वो मुकाबला उनका आखिरी मैच हो सकता है। वैसे इसकी संभावना कम है ऐसे में सिडनी रोहित का आखिरी टेस्ट मैच हो सकता है।


वहीं रोहित शर्मा पर ये रिपोर्ट मेलबर्न टेस्ट में हार के तुरंत बाद आई है। मेलबर्न टेस्ट में टीम इंडिया को 184 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। एक समय ऐसा था जब टीम इंडिया ये टेस्ट ड्रॉ करा सकती थी। टी ब्रेक तक भारतीय टीम के 3 ही विकेट गिरे थे लेकिन इसके बाद ऋषभ पंत एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए और फिर भारतीय पारी धराशाही हो गई। यशस्वी जायसवाल ने 84 रनों की पारी खेली उनके अलावा कोई और बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं पाया।

रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरा हाल है। वो इस सीरीज में 3 मैचों में 31 रन ही बना पाए। रोहित का बैटिंग एवरेज 6.20 है। रोहित क्रीज पर टिकने के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं। मेलबर्न टेस्ट में तो उनका एक फैसला टीम इंडिया पर बहुत भारी पड़ा। उन्होंने केएल राहुल को ओपनिंग से हटाकर खुद वो जगह ली और ना तो वो चले और ना ही केएल राहुल रन बना पाए।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर होने की कगार पर भारत

## सिडनी टेस्ट करेगा टीम इंडिया की किस्मत का फैसला

मेलबर्न 30 दिसंबर। पहले घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज में हार और अब ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरी हार से भारत मुश्किल में आ गया है। दरअसल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में सोमवार को भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रन से हार झेलनी पड़ी। इस हार ने भारत के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को बड़ा झटका दिया है। इस हार के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद भारत का पीसीटी 55.89 से घटकर 52.77 हो गया। इस साइकल में भारत की ये



सातवीं हार है। ऑस्ट्रेलिया ने इस साइकल में अपनी 10वीं जीत के साथ फाइनल खेलने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाया है। उसका पीसीटी 58.89 से बढ़कर 61.45 हो गया। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान पर जीत के साथ अगले साल लॉर्ड्स में फाइनल के लिए खेलने के लिए जगह पक्की कर ली। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया अगर 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट को ड्रा करा लेता है या जीत हासिल कर लेता है तो भारत डब्ल्यूटीसी से बाहर हो सकता है।

### श्रीलंका पर निर्भर करेगा भारत

ऑस्ट्रेलियाई टीम से बॉक्सिंग डे टेस्ट हारकर भारतीय टीम अब अपने बलबूते डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। सिडनी में जीत दर्ज करने के बाद भारत का पीसीटी 55.26 हो जाएगा, जिससे उम्मीदें जिंदा रहेंगी। अगर ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका कम से कम 1-0 के अंतर से भी हरा दे तो भारत फाइनल में पहुंच जाएगा।

## गावस्कर और शास्त्री ने जायसवाल को आउट दिये जाने के फैसले को गलत बताया

मेलबर्न 30 दिसंबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में अंतिम दिन यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के आउट देने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था, लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने विकेट पीछे गेंद लपक ली। ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया



और तीसरे अंपायर बंगलादेश के शफुद्दौला ने जब स्निको पर इस केस को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था,लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया।

इसके बाद कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने कहा, यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को पूरी तरह से साक्ष्य जुटाते हुए निर्णय देना चाहिये था। मैदानी अंपायर ने हालांकि आस्ट्रेलिया की अपील का नकार दिया था। तीसरे अंपायर को आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए अपना निर्णय देना चाहिये था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में जो दिख रहा है, वह भ्रम हो सकता है।

वहीं शास्त्री ने कहा, बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट करार देते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज है।

## डॉ. आशुतोष पंत को ''अटल बिहारी वाजपेई गोल्ड पुरस्कार'' मिला




जयपुर, 30 दिसंबर। एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के संरक्षक डॉ. आशुतोष पंत को अटल बिहारी वाजपेई गोल्ड पुरस्कार मिला

इण्डियन इकोनॉमिक एसोसिएशन द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित अटला बिहारी बाजपेयी गोल्ड पुरस्कार इस वर्ष राजस्थान के शिक्षाविद एवं स्किल विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष पंत को दिया गया । इण्डियन ऑयल कारपोरेशन के स्वतंत्र निदेशक रह चुके डॉ. पंत देश के चुनिंदा स्वरोजगार और कौशल विकास विशेषज्ञों में शुमार हैं ।

अपैक्स यूनिवर्सिटी के सभागार में देश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों की उपस्थित में एआईए (एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज) भारत के चेयरमैन डॉ विनय पाठक एवं इण्डियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के चेयरपर्सन प्रो. ए पी पांडे ने उन्हें ये सम्मान दिया ।

दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह भी इण्डियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रह चुके हैं । आई ई ए की आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. अमेरिका सिंह ने बताया कि ये प्रतिष्ठित पुरस्कार समाज में अटल बिहारी के सिद्धांतों की समझ रखने वाले और उस पर देश को चलने की प्रेरणा देने वाले विद्वान व्यक्तित्वों को प्रतिवर्ष दिया जाता है।

## डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में नैना एकेडमी चैम्पियन बनी



जयपुर, 30 दिसंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित द्वितीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज संस्कार क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेले गए फाईनल मैच में नितिन सिंघल 11 रन पर 4 विकेट, सुभम मीणा 8 रन पर 2 विकेट तथा सुभम सिंह 14 रन पर 2 विकेट कि शानदार गेंदबाजी की बदौलत नैना क्रिकेट एकेडमी ने संस्कार क्रिकेट एकेडमी को 9 विकेट से हरा कर एक तरफा जीत हासिल करते हुए चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

टोस जीत कर नैना एकेडमी ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और नितिन सिंघल 11 रन पर 4 विकेट, सुभम मीणा 8 रन पर 2 विकेट तथा सुभम सिंह 14 रन पर 2 विकेट कि शानदार गेंदबाजी के समक्ष संस्कार क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम को 19.3 ओवर में मात्र 62 रन पर समेट कर अपने कप्तान के फैसले को सही साबित किया। जबावी पारी में नैना क्रिकेट एकेडमी ने शुभम मीणा 1 रन का विकेट खोकर मानेन्द्र सिंह 32 रन नवाद तथा पंकज यादव 28 रन नवाद के मदद से विजय लक्ष्य 8.3 ओवर में 1 विकेट खोकर 66 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल कर टीम को चैम्पियन बनवा दिया।

आज के प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण मुख्य अतिथि आर.सी.ए. के पूर्व वरिष्ट उपाध्यक्ष तथा जे.डी.सी. ए. के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.आर. सोनी, आर.सी.ए. के पूर्व उपाध्यक्ष तथा जे.डी.सी.ए से के पूर्व सचिव मोहम्मद इकबाल व जे.डी.सी.ए. के पूर्व उपाध्यक्ष तथा एम्पेलायर एसोसियेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन तथा संस्कार एकेडमी के सुरेन्द्र सिंह राठौड ने किया। प्रतियोगिता के मैन ऑफ दा टूर्नामेन्ट मिहीत अग्रवाल, बेस्ट बेटसमेन भुवन शर्मा, बेस्ट बोलर दिव्यांश शर्मा, बेस्ट फिल्डर क्षितिज तेलंग रहें

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर की सूची में बुमराह और मंधाना

दुबई, 30 दिसंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी वर्ष 2024 के लिए विभिन्न प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर की सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तथा श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू,दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वूलफार्ट और स्मृति मंधाना के नाम भी शामिल है।

आईसीसी की आज यहां विभिन्न प्रारूपों के लिए जारी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चयन किया गया है। बुमराह ने जून में भारत को टी-20 विश्वकप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से नवाजा गया था। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 8.24 की बेहतरीन औसत से 15 विकेट लिए थे। बुमराह ने 2024 में टेस्ट में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी की और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने और भारत के आक्रमण में तेजी लाये।

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक के लिए भी यह साल बेहतरीन गया है। उन्होंने तीनों प्रारूपों में 50 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। इसके अलावा उनके साथी जो रूट को भी इस सूची में जगह मिली है, जिसमें उन्होंने 1556 टेस्ट रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक शामिल हैं। ब्रूक ने टेस्ट में 55 की औसत से 1100 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल थे। इसमें मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ लगाया यादगार तिहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने उस मैच में जो रूट के साथ 454 रनों की साझेदारी की थी। रूट भी इस सूची में शामिल हैं, जो हाल ही में इंग्लैंड के टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं।

इस सूची में आखिरी नाम ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ट्रैविस हेड का है। जिन्होंने टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाया, जहां पर उन्होंने तीनों प्रारूपों में 1400 रन बनाए हैं।

साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर सूची में श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू और दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वूलफार्ट को इस सूची में जगह मिली है।

श्रीलंका की कप्तान अट्टापट्टू ने इस साल सभी प्रारूपों में 1100 रन बनाए हैं और 30 विकेट लिए हैं। जिसमें उन्होंने अपनी टीम को घरेलू दर्शकों के आगे पहला एशिया कप खिताब भी जिताया।

महिला एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर विराजमान वूलफार्ट के लिए 2024 शानदार रहा, जहां उन्होंने तीनों प्रारूपों में 1500 रन बनाए और उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरी बार महिला टी-20 विश्वकप फाइनल में जगह दिलवाई। दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराने में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 651 रन और 43 विकेट बनाए, साथ ही महिला टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बनी।

इस सूची में आखिरी नाम ऑस्ट्रेलिया की 23 वर्षीय ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड का है। जिन्होंने फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टेस्ट का सबसे तेज दोहरा शतक बनाया। साथ ही साल के अंत में उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड को शिकस्त देने में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पूरे साल 615 रन और 37 विकेट लिए।

श्रीलंका के कमिंदु मेंडिस को भी इस सूची में जगह मिली है, जहां पर उन्होंने 74.92 की औसत से 1049 रन बनाए। इस बीच वह अपने पहले आठ टेस्ट में सभी में अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। साथ ही 1000 टेस्ट रन बनाने के मामले में उन्होंने 75 साल के रिकॉर्ड को भी तोड़ा।

विजेताओं की घोषणा जनवरी में की जाएगी।

**आईसीसी पुरस्कार 2024 की सूची इस प्रकार है:-** साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर : हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), जसप्रीत बुमराह (भारत), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), जो रूट (इंग्लैंड)

**साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर :** चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), लॉरा वूलफार्ट (दक्षिण अफ्रीका)

**साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर :** हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), जसप्रीत बुमराह (भारत), जो रूट (इंग्लैंड), कमिंदु मेंडिस (श्रीलंका)

**साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर :** वनिंदु हसरंगा (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (श्रीलंका), अजमतुल्लाह ओमरजई (अफगानिस्तान), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज)

**साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय महिला क्रिकेटर :** चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका), स्मृति मंधाना (भारत), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), लॉरा वूलफार्ट (दक्षिण अफ्रीका)

**साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 पुरुष क्रिकेटर :** बाबर आजम (पाकिस्तान), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), अर्शदीप सिंह (भारत)

**साल की सर्वश्रेष्ठ टी-20 महिला क्रिकेटर :** चमरी अट्टापट्टू (श्रीलंका), एमेलिया केर (न्यूजीलैंड), ओरला प्रेनडेगास्ट (आयरलैंड), लॉरा वूलफार्ट (दक्षिण अफ्रीका)

**साल के उभरते हुए पुरुष क्रिकेटर :** गस एटकिंसन (इंग्लैंड), सैम अयूब (पाकिस्तान), शेमार जोसेफ (वेस्टइंडीज), कमिंदु मेंडिस (श्रीलंका)

**साल की उभरती हुई महिला क्रिकेटर :** ऐनेरी डर्कसेन (दक्षिण अफ्रीका), सासकिया हार्ली (एससीओ), श्रेयंका पाटिल (भारत), फ्रेया सर्जेंट (आयरलैंड)

**साल की टेस्ट पुरुष टीम :** यशस्वी जायसवाल, बेन डकेट, जो रूट, रचिन रवींद्र, हैरी ब्रूक, कमिंदु मेंडिस, जेमी स्मिथ, रवींद्र जाडेजा, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), मैट हेनरी, जॉश हेजलवुड

**साल की टी-20 पुरुष टीम :** ट्रैविस हेड, फिल सॉल्ट, तिलक वर्मा, निकोलस पूरन, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स, आंद्रे रसल, राशिद खान (कप्तान), अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मतीसा पतिराना

**साल की एकदिवसीय पुरुष टीम :** पतुम निसंका, रहमानुल्लाह गुरबाज, कुसल मेंडिस, चरित असलंका (कप्तान), शेरफेन रदरफोर्ड, लियाम लिविंगस्टन, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, वनिंदु हसरंगा, तस्कीन अहमद और हैरिस रउफ।

**साल की महिला एकदिवसीय टीम :** लॉरा वूलफार्ट, स्मृति मंधाना, चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), ओरला प्रेनडेगास्ट, मैरिजान कप्प, ऐमी जोंस, ऐश्ली गार्डनर, एलाना किंग, सोफी एक्लस्टन, केट क्रॉस और मेगन शूट।

**साल की महिला टी-20 टीम :** लॉरा वूलफार्ट, बेथ मूनी, हेली मैथ्यूज (कप्तान), एमेलिया केर, नैट साइवर ब्रंट, एलिस पेरी, मैरिजान कप्प, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लस्टन, रोजमेरी मेयर और शबनिम इस्माइल।

## जतिन सिंह ने चार व पदमजा सिंह ने तीन खिताब जीते

जयपुर, 30 दिसंबर। ओ एन दीक्षित मेमोरियल विंटर जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा मंत्री मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य आयकर निदेशक अन्वेषण अवधेश कुमार ,आशीष सर्राफ डॉक्टर रचना गोड़ रही। प्रतियोगिता में जतिन सिंह ने सर्वाधिक चार के चार खिताब तथा पदमजा सिंह ने तीन खिताब जीते आज खेले गए पुरुषों के एकल व युगल फाइनल में जतिन सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों खिताब जीते। पुरुष एकल मे जतिन सिंह ने तीन गेमों में प्रियांश जैन को 21-23, 21- 14, 21- 14 से परास्त किया।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रनों से हराया

मॉउंट मॉन्गानुई, 30 दिसंबर। मिचेल हे (नाबाद 41), मार्क चैपमैन (42) और टिम रॉबिंसन (41) की आतिशी पारियों के बाद जेकब डफी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 45 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। मिचेल हे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। पांचवें



ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस (10) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में जेकब डफी ने पथुम निसंका ने आउट कर पवेलियन भेज दिया।

## कर्णाटक - राजस्थान विजय मर्चेट ट्रॉफी मैच ड्रा



जयपुर, 30 दिसंबर। विजयवाड़ा (मंगलगिरि) में खेली जा रही बीसीसीआई अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में खेले जा रहे राजस्थान- कर्णाटक मैच तीसरे दिन ड्रा समाप्त हुआ। कर्णाटक के गेंदबाज ध्यान हीरमठ 40 / 5 , गौरव वेंकटेश 20 /3 , सुकुरथ 21 / 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्णाटक दूसरी पारी 209 / 6 घोषित। टीम के लिए अनवय द्रविड़ नाबाद 68 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज आदित्या बाधवा 38 /3 व एकांश शर्मा 66 /3 विकेट प्राप्त किये।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर संभाग के विधायकों के साथ आगामी बजट की तैयारियों पर चर्चा की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, झाबर सिंह खर्रा सहित जयपुर संभाग से आने वाले विधायक उपस्थित रहे।*

# 'विधायक पंच गौरव कार्यक्रम से अपने जिले को पहचान दिलायें'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने जयपुर, आमेर, बीकानेर संभाग के विधायकों से कहा, बजट घोषणाओं का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली, पानी की बुनियादी आवश्यकताओं पर प्राथमिकता से काम किया है। प्रदेश विकसित, भारत-विकसित राजस्थान संकल्पना की दिशा में प्रगति कर रहा है।**

जयपुर, 30 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट के माध्यम से राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में की गई हर घोषणा का जमीन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, जिससे जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान-2047 की लक्ष्य प्राप्ति के लिए बजटीय घोषणाओं को सही समय पर और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर संभाग, अजमेर एवं बीकानेर संभाग के विधायकों के साथ बजट वर्ष 2024-25 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने जिले में प्रशासन के साथ मिलकर लगातार बैठकें लें, ताकि बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन घोषणाओं की क्रियान्विति में संसाधनों की किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय को ध्येय मानते हुए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लक्ष्य समाज के अन्तिम व्यक्ति को राहत पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम विकसित भारत-विकसित राजस्थान संकल्पना की सिद्धि की दिशा में अग्रसर हैं। हमारी सरकार ने राज्य में बिजली, पानी की बुनियादी आवश्यकताओं पर प्राथमिकता से काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य करें तथा उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर 25 दिसम्बर को प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला-एक उपज, एक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल का चिन्हीकरण कर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जिले की विशेषताओं को पहचान मिले। उन्होंने कहा कि 2026 में राजस्थान 'खेलो इंडिया' की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में इसकी तैयारियां भी प्रारंभ कर दें।

शर्मा ने विधायकों से कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू को अपने क्षेत्र में धरातल पर उतारने के लिए जिला कलक्टर के साथ निरन्तर बैठक करें। उन्होंने कहा कि हर छोटा निवेश विधानसभा के विकास के लिए उपयोगी है।

ऐसे में जिले में निवेश को बढ़ाने में अपनी विशेष भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। राइजिंग राजस्थान समिट में भी ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू हुए हैं। साथ ही, किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

जयपुर संभाग की बैठक में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेम चन्द बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, नगर विकास स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जयपुर संभाग के विधायक मौजूद थे।

अजमेर व बीकानेर संभाग की बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जनस्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार सहित, अजमेर एवं बीकानेर संभाग से आने वाले विधायक उपस्थित रहे।

### तमिलनाडु में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संबोधित कर रहा था। अन्नाद्रमुक ने चेन्नई भर में पोस्टर लगवा दिए है, जिनमें पूछा गया है कि आखिर यह सर कौन था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, आरोपी शिक्षा मंत्री का करीबी है तथा कई द्रमुक नेताओं के साथ उसकी कई तस्वीरें हैं।

इस घटना ने बिखरे विपक्ष को एक साथ ला दिया है और अगर ये एक साथ बने रहे और एकजुट रहे तो द्रमुक का तो सूपड़ा साफ होना तय है और वैसे भी द्रमुक का इतिहास रहा है कि इसने कभी दोबारा सरकार नहीं बनाई और इसके शासनकाल में कानून -व्यवस्था हमेशा समस्या ही रही है।

इस घटना ने जहां विपक्ष को एकजुट कर दिया है, वहीं सरकार की चिंता बढ़ा दी है। अगर द्रमुक सरकार अभी भी नहीं जागी और कानून व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया, तो सरकार जा भी सकती है।

# किसानों के पंजाब बंद को भारी समर्थन मिला

## राज्य भर में रेल लाइनों व प्रमुख चौराहों पर धरना देकर रेल-सड़क यातायात रोका

- **किसान नेता पंधेर ने कहा कि प्रदेश की सब्जी व अनाज मंडियाँ बंद रहीं। सड़कों पर ऑटोरिक्शा नजर नहीं आये।**

चंडीगढ़, 30 दिसंबर। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित, कुल 13 मांगों को लेकर पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक और विभिन्न किसान संगठनों के पंजाब बंद को कुछ एक स्थानों को छोड़ कर भारी समर्थन मिला। सोमवार को राज्य भर में किसानों ने रेलवे लाइनों और प्रमुख सड़क चौराहों पर धरना लगा कर रेल और सड़क यातायात बंद कर दिया।

किसान नेता सरबन सिंह पंधेर ने पंजाब बंद का समर्थन करने के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। मीडिया को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सब्जी और अनाज मंडियां बंद रहीं। ऑटो रिक्शा सड़कों से नदारद रहे। कई सिख संगठनों और छात्र संघों ने अपना समर्थन दिया, पंजाब के हर वर्ग के लोगों ने इस मुद्दे का समर्थन किया। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि बंद के दौरान आपातकालीन सेवायें पूरे दिन चालू रहीं। 250 से अधिक स्थानों पर नाकेबंदी की गयी, रेल और सड़क सेवाओं को बाधित करते हुए 175 स्थानों पर धरना दिया गया था।

किसानों ने शाम चार बजे धरना हटा लिया, जिसके पश्चात दिल्ली अमृतसर नेशनल हाईवे पर वाहन चलने शुरू हो गये। लोग अपने गंतव्य को जा रहे हैं। जालंधर की धन्नो वाली गांव के बाहर नेशनल हाईवे पर किसानों का धरना खत्म कर दिया है। किसानों ने सुबह सात बजे हाईवे बंद कर दिये थे। फिरोजपुर रेल मंडल के डीआरएम संजय साहू ने बताया कि किसानों ने बंद की सूचना रेलवे को दी, जिसके बाद वंदे भारत, शताब्दी एक्सप्रेस सहित 108 ट्रेनें कैंसिल कर दी गयी हैं।

किसानों की चार जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर महापंचायत होगी। पंधेर ने कहा कि आंदोलन जारी रहेगा और दोनों मंचों की संयुक्त बैठक के बाद अगली कार्रवाई तय की जायेगी। उन्होंने कहा पंजाब सरकार उच्चतम न्यायालय के बहाने ऑपरेशन चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह का उत्पीड़न होता है, तो यह बहबल कलां मामले से भी बड़ी घटना को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि खनौरी और शंभू सीमाओं पर भी गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। पंधेर ने कहा कि पंजाब में आज का बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों के बंद के एलान को एसजीपीसी समेत कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया है। एसजीपीसी के कार्यालय और उसके संस्थान सोमवार को बंद रहे।

पूर्व एडीजीपी जसकरन सिंह ने अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सिंह के साथ एक मेडिकल टीम भी थी, जिसने डल्लेवाल के स्वास्थ्य की जांच की। किसान आंदोलन और 'पंजाब बंद' ने हरियाणा में सार्वजनिक परिवहन को बाधित कर दिया, जिससे कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों यात्री फंस गये। सोमवती अमावस्या के पवित्र स्नान से लौटने वाले यात्रियों सहित कई यात्रियों को रुकी हुई ट्रेनों के कारण देरी का सामना करना पड़ा। 'पंजाब बंद' के मद्देनजर रेल सेवा बाधित होने के कारण जालंधर के भोगपुर में फंसे बाहरी राज्यों के यात्रियों के लिये किसानों ने लंगर का आयोजन किया है। चंडीगढ़ में 'पंजाब बंद' का कोई असर नहीं दिखा, क्योंकि ग्रामीण इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

मोहाली चूनी, बनूर, खरड़ में लांड्रा चौक पर नाकेबंदी की गयी थी। बाबा बकाला में पंजाब बंद को कोई समर्थन नहीं बाबा बकाला में पंजाब बंद का आव्हान समर्थन पाने में विफल रहा, क्योंकि व्यवसाय सामान्य रूप से चल रहा है। जालंधर में पूर्ण बंद चल रहे आंदोलन के कारण, जालंधर में पूर्ण बंद रहा। शिरोमणि अकाली दल के नेता परविंदर सिंह सोहाना अन्य नेताओं के साथ मोहाली में धरना स्थल पर पहुंचे और चल रहे आंदोलन को पार्टी का समर्थन दिया। पीआरटीसी कर्मचारियों ने किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए समाना के बंदा सिंह बहादुर चौक पर चंडीगढ़ रोड को जाम करते हुये बस सेवायें निलंबित कर दी। प्रदर्शनकारी किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुये मानसा में दुकानदारों ने अपना समर्थन दिया है और पंजाब बंद के आव्हान तक अपनी सेवायें बंद रखी हैं।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों के समर्पण की पॉलिसी बनाई

## सरेन्डर करने वाले को 10 हजार रुपये प्रति माह दिये जायेंगे। इसके अलावा जमीन, घर व रोजगार के संसाधन की सुविधा भी दी जायेगी

छत्तीसगढ़, 30 दिसंबर। सरकार नक्सिलयों के लिए बड़ा दिल दिखा रही है, वह चाह रही है कि रास्ता भटक गए युवाओं को वह घर वापसी का रास्ता दिखाए। इसी कारण सरकार ने नक्सलवाद का खात्मा करने के लिए एक नई पॉलिसी बनाई है। इसमें सरकार ने नक्सलियों को पुलिस का भय नहीं, बल्कि सरकार का उदार दिल दिखाकर वापस मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश की है। इस पॉलिसी में सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार आर्थिक सहायता मुहैया कराएगी।

गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि नक्सलियों को सरेंडर करने पर हर माह 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ ही, सरेंडर करने वाले इनामी नक्सलियों पर जो इनाम होता है, वह भी नक्सलियों को ही दी जाएगी। बता दें कि अब तक यह राशि इनामी नक्सलियों को पकड़ने वाली सुरक्षा बलों की टीम में बांट दी जाती थी।

इसके अलावा, आगे का जीवन यापन सही से हो, इसके लिए तमाम तरह की सुविधाएं भी दी जाएंगी, जैसे- जमीन, घर या फिर रोजगार से जुड़े संसाधन। साथ ही, अलग जगह रखकर नक्सलियों को काम के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे सरेंडर करने वाले नक्सली अपना आगे का जीवन अच्छे से जी पाएंगे। आगे नीतियों के बारे बताते हुए डिप्टी सीएम मुस्कुरा कर बोले कि ये फायदे सुनने के बाद मुझसे एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा था कि ऐसे में तो नक्सली बनना ही अच्छा है।

गौरतलब है कि हाल ही छत्तीसगढ़ दौरे पर आगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनता के बीच कहा था कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने राज्य में एनकाउंटर और नक्सिलियों की खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी थी। सरकार ने दावा किया था कि एक साल में 212 से ज्यादा नक्सली सुरक्षाबलों की गोलीबारी में मारे गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खोरासान, इस्लामिक स्टेट ऑफ ईरान एण्ड शाम खोरासान आदि को ए.पी.ए. के तहत आतंकी संगठन घोषित किया गया था।

रिटायर्ड जस्टिस मुक्ता गुप्ता गत वर्ष जून में दिल्ली हाई कोर्ट से रिटायर हुई हैं। जज बनने से पहले, वे प्रॉसिक्यूटर रही हैं, उनके प्रमुख केसों में 2001 का संसद पर हमले का केस, जैसिका लाल मर्डर, नैना साहनी मर्डर शामिल है।

### 'मेरी सिम का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिकाकर्ताओं को जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने अपनी सिम परीक्षा में नकल कराने के लिए अन्य सह आरोपियों को उपलब्ध कराई है। ऐसे में उन्हें जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# गुलमर्ग व पहलगाम में तापमान और गिरा

- **सोमवार को गुलमर्ग में शून्य से 10 डिग्री कम तथा पहलगाम में शून्य से 9.2 डिग्री कम तापमान मापा गया।**

श्रीनगर, 30 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर में नए साल के आने से पहले ही सभी पर्यटक स्थलों पर रात का तापमान गिर गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.0 डिग्री सेल्सियस कम, पहलगाम में शून्य से 9.2 डिग्री सेल्सियस कम और सोनमर्ग में शून्य से 9.9 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर में मौसम विज्ञान केन्द्र ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभ के जम्मू-कश्मीर पर तेजी से प्रभाव डालने और हलके हिमपात की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन से छह जनवरी के दौरान एक मध्यम पश्चिमी तूफान के आसार हैं और कश्मीर संभाग के कई स्थानों तथा जम्मू संभाग के छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम हिमपात हो सकता है। कश्मीर घाटी में साल के अंत तक शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी।

# एल.जी. ने आतिशी को कामचलाऊ सी.एम. कहने पर आपत्ति जताई

- **उपराज्यपाल ने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में उन्होंने पहली बार किसी सी.एम. को काम करते देखा है। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास न तो कोई विभाग था, न वे फाईलों पर इस्ताक्षर करते थे।**

नई दिल्ली, 30 दिसंबर। राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आतिशी को काम चलाऊ मुख्यमंत्री कहे जाने पर आपत्ति जताई है। इसके साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए इस कृत्य को सीएम का और अपना अपमान बताया। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर सीएम आतिशी को अस्थायी और काम चलाऊ सीएम कहकर पद का अपमान किए जाने और इससे आहत होने का जिक्र किया है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अपने पत्र में लिखा, आपको मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के अवसर पर भी मैंने आपको हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी थीं और तब से अब तक की अवधि में मैंने अपने ढाई साल के कार्यकाल में पहली बार मुख्यमंत्री पद पर आसीन व्यक्ति को मुख्यमंत्री का काम करते देखा। जहां, आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री के पास सरकार का एक भी विभाग नहीं था और न ही वे फाइलों पर हस्ताक्षर किया करते थे, वहीं, आपने अनेक विभागों का दायित्व लेते हुए प्रशासन के विभिन्न मुद्दों पर काम करने का प्रयास किया।

पत्र में आगे उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए लिखा, परन्तु कुछ दिन पूर्व, आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा मीडिया में आपको सार्वजनिक रूप से एक अस्थायी-काम चलाऊ मुख्यमंत्री घोषित किया जाना मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत हुआ। यह न केवल आपका अपमान था, बल्कि आपकी नियोक्ता महामहिम भारत की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में, मेरा भी अपमान था।

अस्थायी अथवा काम चलाऊ मुख्यमंत्री की जो सार्वजनिक व्याख्या केजरीवाल ने की, उसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और यह बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान में निहित लोकतांत्रिक भावना और मूल्यों की निंदनीय अवहेलना भी है।

एल.जी की चिट्ठी पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, आप गंदी राजनीति करने की जगह दिल्ली की बेहतरी पर ध्यान दीजिए। अरविंद केजरीवाल जी ने साढ़े नौ साल दिल्ली की बेहतरी के लिए काम किया। मैं अरविंद केजरीवाल जी के दिखाए रास्ते पर सरकार चला रहीं हूं।

आतिशी ने कहा- दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को बार-बार जिताया। आपने महिला सम्मान योजना में अड़ंगा डाला, महिला होने के नाते मैं निजी रूप से आहत हूं।

# संभल हिंसा के आतंकी कनेक्शन ने पुलिस की चिन्ता बढ़ाई

संभल, 30 दिसंबर। यूपी के संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के 1 महीना बीत जाने के बाद, 50 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। संभल हिंसा को लेकर पुलिस आतंकी एंगल से भी जांच कार रही है। हिंसा की जांच में मिले खुफिया इनपुट ने खलबली मचा दी है। हिंसा के तार आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने की आशंका सामने आई है। एसआईटी को शक है कि संभल के दीपा सराय और नखासा में रह रहे व अलकायदा संगठन के लोगों ने बवाल के लिए हथियारों की सप्लाई और फंडिंग की थी। खुफिया विभाग का पहला शक संभल के रहने वाले शारिक साठा पर है, जो आतंकी दाऊद की गैंग का सदस्य है।

शारिक पर अलग-अलग राज्यों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह कुछ साल पहले दुबई भाग गया था। पुलिस को शक है कि 24 नवंबर को हुई हिंसा में शारिक ने फंडिग करने के साथ हथियार भेजे जिसके बाद उनके गुर्गों ने घटना को अंजाम दिया। इसके अलावा संभल पुलिस के खुफिया विभाग ने पांच और आतंकियों को चिन्हित किया है।

# इजरायल ने सीरिया की राजधानी पर हवाई हमले किये

- **ब्रिटेन के निगरानी ग्रुप के अनुसार हवाई हमले में सीरिया की राजधानी के उत्तर पूर्व में औद्योगिक शहर अद्रा में असद की सेना के हथियार डिपो को निशाना बनाया गया।**

बेरूत, 30 दिसंबर। सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाके में इजराइली हवाई हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। एक युद्ध निगरानी संस्था ने इस बारे में जानकारी दी है। इजरायल पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद भी सीरियाई हथियारों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है। ब्रिटेन के निगरानी समूह 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि हवाई हमले में राजधानी के उत्तर-पूर्व में औद्योगिक शहर अद्रा के पास असद की सेना के हथियार डिपो को निशाना बनाया गया।

निगरानी समूह ने कहा कि हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। बेरूत स्थित 'पैन-अरब अल-मायादीन टीवी' ने भी हवाई हमले की खबर दी, लेकिन मरने वालों की संख्या केवल छह बताई। इजरायली सेना ने रविवार को हवाई हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

इस बीच दिसंबर की शुरुआत में हमला करके असद को सत्ता से बेदखल करने वाले सीरियाई विद्रोहियों ने मांग की है कि इजरायल अपने हवाई हमले बंद कर दे। दूसरी ओर, तुर्किये समर्थित सीरियाई विद्रोहियों ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरी सीमावर्ती शहर कोबानी के पास हमला किया, जो सप्ताह भर चली झड़पों के बाद कुर्द नेतृत्व वाली 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एसडीएफ) के नियंत्रण में है।

एसडीएफ ने रॉकेट हमले का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि मनबीज शहर के दक्षिण में एक रडार प्रणाली नष्ट हो गई, जिस पर तुर्किये-समर्थित समूह ने इस महीने की शुरुआत में कब्जा कर लिया था। इस बीच सीरियाई सरकारी मीडिया ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के पास एक सामूहिक कब्र मिली है।

### 'देश शोक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम गए हुए हैं। राहुल गांधी ने अपनी सुविधानुसार राजनीति के लिए डॉ. सिंह की मौत का राजनीतिकरण किया और उसका फायदा उठाया, लेकिन उनके प्रति उनकी घृणा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गांधी परिवार और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं।

कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने बीजेपी आईटी सेल चीफ अमित मालवीय के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर किए गए ट्वीट पर कहा, "राहुल गांधी का प्रोग्राम पहले से निर्धारित था। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर जो भी प्रक्रिया अपनानी थीं वह सब उन्होंने खुद खड़े होकर की।"

# पटना में छात्रों पर लाठी चार्ज की खड़गे, प्रियंका ने निंदा की

- **खड़गे ने कहा कि लाठी चार्ज के द्वारा पेपर लीक व धांधली को छिपाने का प्रयास।**
- **प्रियंका गांधी ने कहा कि बिहार सरकार भ्रष्टाचार रोकने की बजाय छात्रों को आवाज़ उठाने से रोका जा रहा है।**

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक और अमानवीय करार दिया और कहा कि डबल इंजन युवाओं पर दोहरे अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बीपीएससी अभ्यर्थियों पर क्रूर लाठीचार्ज और अमानवीय अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया है। युवाओं के खिलाफ तानाशाही का इस्तेमाल करके उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास है, जो बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले सात सालों में 70 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश भर में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का भी आरोप लगाया, जो युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब धांधली का पता चलता है, तो भाजपा बेशर्मी से इनकार करती है या फिर लाठीचार्ज करके युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश करती है। बीपीएससी परीक्षा में 3.28 लाख युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है।

वायनाड से सांसद वाड्रा ने बिहार सरकार पर निशाना साधा और बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की। उन्होंने एक्स पर कहा, भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर दोहरे अत्याचार का प्रतीक बन गया है। इस भीषण ठंड में युवाओं पर वाटर कैनन और लाठीचार्ज अमानवीय है। बिहार में तीन दिनों में दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली और पेपर लीक को रोकना सरकार का काम है।

### पूर्व अमेरिकन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

असाधारण नेता, राजनयिक तथा मानवतावादी खो दिया है।" नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि कार्टर ने "राष्ट्रपति रहते हुये सभी अमेरिकनों के जीवन को उन्नत बनाने के लिये सब कुछ किया। इसके लिये हम सब उनके ऋणी एवं कृतज्ञ हैं।

जिमी कार्टर, जिन्होंने नेवी-अधिकारी रहते हुये देश के बाहर पनडुब्बियों पर अपनी सेवाएं दी थीं, न्यूक्लियर फिज़िक्स के विद्यार्थी रहे थे।

वे 1970 में, एक डेमोक्रेट के रूप में, जार्जिया के गवर्नर चुने गये। वॉटरगेट एवं वियतनाम युद्ध के बाद के घोर राजनैतिक अविश्वास के दौर में, कार्टर एक "रिफॉर्मिस्ट एंटीडोट" के रूप में सामने आये तथा अमेरिकन जनता से यह वादा करते हुये कि वे जनता से कभी झूठ नहीं बोलेंगे, उन्होंने 1976 में राष्ट्रपति चुनाव जीता था।

### 'डा. मनमोहन सिंह के अस्थि...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"फूल चुनने" तथा भस्म को प्रवाहित करने के लिए उन्हें प्राइवेसी दी जाये क्योंकि नज़दीकी परिजनों के लिये यह रस्म भावनात्मक रूप से बड़ी कष्टदायक एवं कठिन होती है।"

ज्ञातव्य है कि डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार तथा पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति का एक स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच बड़ी तीखी जुबानी जंग चल रही है।

कांग्रेस आरोप लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं तथा निगम बोध घाट में अंतिम संस्कार वाले स्थल उनका स्मारक बनवाने के इनकार करके सरकार ने डॉ. सिंह का अपमान किया है। डॉ. सिंह के परिजनों ने सिख धर्म के रीति-रिवाजों का पालन करते हुये, उनकी अस्थियों एवं भस्मी को मजनू का टीला गुरुद्वारा के निकट यमुना नदी में प्रवाहित किया।

भस्मी प्रवाहित किये जाने वाले स्थल पर अन्य नाते-रिश्तेदारों के बीच, डॉ. सिंह की धर्मपत्नी तथा उनकी तीनों पुत्रियाँ- उपिन्दर सिंह, दमन सिंह तथा अमृत सिंह उपस्थित थीं।

सिख धर्म के रीति-रिवाजों के अनुसार, उनका परिवार 1 जनवरी को उनके सरकारी आवास, 3 मोतीलाल नेहरू मार्ग में "अखंड पाठ" आयोजित करेगा। तीन जनवरी को संसद भवन के पास स्थित रकाबगंज गुरुद्वारा में "भोग", "अंतिम अरदास" तथा "कीर्तन" का आयोजन होगा।

डॉ. सिंह का निधन 26 दिसम्बर को दिल्ली के एम्स में वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों के चलते हो गया था। वे 92 वर्ष के थे। पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्होंने 1990 के दशक में आर्थिक उदारीकरण के युग की शुरुआत की थी, का अंतिम संस्कार शनिवार को निगम बोध घाट में राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ किया गया था।

### महाकुंभ में सात...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रयागराज जिले की सीमा से सटे सात जिलों में होगा। इनमें से एक जिला मध्यप्रदेश का है।

खन्ना ने बताया कि महाकुंभ 2025, 13 जनवरी से आरंभ होगा और 25 फरवरी को संपन्न होगा। इस दौरान, लगभग 45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गणना होगी। इसके लिए पहली बार विधि एट्रिब्यूट आधारित हैं। इसके अंतर्गत 'पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों' के आधार पर ट्रेकिंग की जाएगी।

दूसरी विधि आरएफआईडी रिस्ट बैंड है। इसके अंतर्गत तीर्थयात्रियों की 'रिस्ट बैंड' प्रदान किये जाएगें। इससे तीर्थ यात्री की आने और जाने का समय दर्ज होगा। तीसरी विधि मोबाइल ऐप की है जिसमें इसके आधार पर तीर्थ यात्रियों की 'लोकेशन ट्रेस' की जाएगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व व्यवस्था होगी। प्रयागराज के आस पास के जिलों में जांच चौकियां स्थापित की जा रही हैं। प्रयागराज जिले में जांच अभियान चलाया जाएगा। मेला के सीमा पर जांच होगी। मेले में प्रत्येक क्षेत्र और परिसर में भी जांच की जाएगी।

खन्ना ने कहा कि मेले में स्वास्थ्य सेवा की उत्तम प्रबंध किया गया और सेना के चिकित्सक भी अपना सेवा देंगे। मेले में कई अस्पताल बनायें गये हैं तथा इनमें 291 ऐलोपैथिक चिकित्सक और विशेषज्ञ, 90 आयुर्वेद एवं यूनानी विशेषज्ञ अऔर 192 स्टाफ नर्स की नियुक्ति की गयी है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908